


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 225

ग्वालियर, गुरुवार 05 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## दतिया के विकास के रथ को और गति प्रदान की जायेगी: मुख्यमंत्री श्री चौहान

■ दतिया गौरव दिवस पर यात्रा निकालने का कार्य ऐतिहासिक है - पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती सिंधिया

■ दतिया में रथ यात्रा निकालने की परंपरा हमेशा जारी रहना चाहिए - गृह मंत्री डॉ. मिश्र







**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने माँ पीताम्बरा माई के प्राकट्य उत्सव एवं दतिया गौरव दिवस के अवसर पर कहा कि जो रथ यात्रा निकालने का ऐतिहासिक काम किया गया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। इस रथ यात्रा को और भव्य रूप प्रदान किया जायेगा ताकि देशभर में दतिया की ख्याति बढ़ सके। रथ यात्रा के साथ-साथ दतिया के विकास रथ को भी और गति प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को माँ पीताम्बरा माई के प्राकट्य उत्सव एवं दतिया गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया ने की। विशेष अतिथि के रूप में गृह, जेल एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री एवं दतिया जिले के प्रभारी मंत्री श्री सुरेश धाकड़, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय, विधायक श्रीमती रक्षा सिरौनिया एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र बुधोलिया एवं पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह सहित जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में दतिया के नागरिकगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि माँ पीताम्बरा माई की कृपा एवं गुरूजी के आशीर्वाद और गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के प्रयासों से दतिया में विकास का नया इतिहास लिखा गया है। ग्वालियर एवं दतिया रोजगार और उद्योग के क्षेत्र में नया हब बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दतिया के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। दतिया में मेडीकल कॉलेज के साथ ही विकास के अनेक कार्य हुए हैं। आने वाले दिनों में यहाँ पर बड़े हवाईजहाज उतरेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मध्यप्रदेश में अब संस्कृत विषय के विद्यार्थियों को पाँच हजार रूपए की छात्रवृत्ति एवं शासकीय मंदिरों के पुजारियों को पाँच हजार रूपए का मानदेय दिया जायेगा। इसके साथ ही भगवान परशुराम के जीवन चरित्र को पाठ्य पुस्तक में शामिल किया जायेगा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमने फैसला किया है कि हर शहर अपना गौरव दिवस मनाए। दतिया जिले में माँ पीताम्बरा माई के प्राकट्य उत्सव को गौरव दिवस के रूप में मनाने का जो निर्णय लिया गया है वह अद्भुत है। नगर के हर नागरिक को अपने शहर के विकास में जरूर भागीदार बनना चाहिए। सभी नागरिक संकल्प लें कि वे अपने शहर के विकास में जो भी योगदान दे सकेंगे, जरूर देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री एवं माँ पीताम्बरा ट्रस्ट की अध्यक्षा श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया ने कहा कि माँ पीताम्बरा माई के प्राकट्य उत्सव के अवसर पर रथ यात्रा निकालने का जो कार्य प्रारंभ हुआ है वह ऐतिहासिक है। इस गौरवशाली परंपरा से अब हर वर्ष माई की यात्रा निकलेगी और माई दतियावासियों पर अपना आशीष प्रदान करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया ने कहा कि माँ पीताम्बरा की कृपा और गुरूजी के आशीर्वाद से दतिया निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहेगा। प्रदेश सरकार भी दतिया के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों में दतिया में विकास के अनेक कार्य हुए हैं और विकास की गति निरंतर जारी है। माँ पीताम्बरा की कृपा से दतिया का नाम सम्पूर्ण देश के मानचित्र पर रेखांकित है। माई की यात्रा में शामिल होने के लिए आगे भी देश भर के लोग दतिया आयेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने कहा कि दतिया में आज माँ पीताम्बरा माई के प्राकट्य उत्सव के अवसर पर रथ यात्रा निकालने की जो नई परंपरा प्रारंभ हुई है, यह परंपरा हमेशा जारी रहना चाहिए। अगले वर्ष से माई की यात्रा और भव्य रूप में निकाली जायेगी। उन्होंने कहा कि दतिया में यात्रा को लेकर दतियावासी उत्साहित हैं। बाहर से आने वाले माई के भक्तों के लिए होटल, धर्मशालाएँ, लॉज के साथ-साथ भोजन भी निःशुल्क उपलब्ध कराने की सराहनीय पहल की गई है। पूरे शहरवासियों ने आज पीले वस्त्र धारण कर यात्रा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। गृह मंत्री डॉ. मिश्र ने कहा कि जब भी दतिया के विकास के लिये माँग की है तो मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सहर्ष स्वीकार करते हुए दतियावासियों को सौगात दी है। उन्होंने कहा कि दतिया में किए गए विकास कार्यों से दतिया की तकदीर और तस्वीर बदली-बदली नजर आती है। दतिया के मेडीकल कॉलेज ने कोरोना काल में न केवल दतिया के निवासियों का उपचार किया बल्कि झाँसी, टीकमगढ़ सहित अन्य शहरों के निवासियों को भी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई है। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने दतिया जिले में पुलिस ट्रेनिंग स्कूल शुरू करने के लिये भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री ने माँ पीताम्बरा की पूजा-अर्चना की

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दतिया में माँ पीताम्बरा मंदिर पहुँचकर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने माँ पीताम्बरा माई से देश के विकास और उन्नति की कामना की।

## जल्द हो सकती हैं पूर्व पीएम इमरान और शहबाज शरीफ की मुलाकात

**इस्लामाबाद।** बहुमत खोने के बाद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री ने जिस तरह से एक पखवाड़े तक पद पर बने रहने के लिए संवैधानिक मर्यादाओं को तार-तार कर विपक्ष पर तीखे वार किए, उससे वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ उनके रिश्ते लगभग खत्म हो गए, लेकिन उनकी पार्टी के सहयोगी और पाकिस्तान के पूर्व गृह मंत्री शेख राशिद अहमद ने दावा किया है कि वे दोनों नेताओं को जल्द मिलवाएंगे। शेख राशिद ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान जल्द चुनाव कराने के बारे में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ चर्चा करने के लिए तैयार हैं। अवामी नेशनल लीग-पाकिस्तान के प्रमुख राशिद अहमद ने कहा कि उन्होंने सत्ताधारी पार्टी और विपक्षी पार्टियों के बीच गलतफहमी को दूर करने के लिए प्रयास शुरू किए हैं। अवामी नेशनल लीग-पाकिस्तान, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की एक प्रमुख गठबंधन सहयोगी है। एक लेख में अहमद के हवाले से कहा गया है, मैंने उनके (पीटीआई और सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के) बीच गलतफहमी को दूर करने के लिए प्रयास शुरू किए है। उन्होंने कहा, मैं शांति के लिए सेना के साथ हूं, लेकिन 'युद्ध' की स्थिति में मैं इमरान खान के साथ खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि खान जल्द आम चुनाव कराने के बारे में शरीफ सरकार के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं। शेख राशिद भले ही दावा करे कि दोनों नेताओं को मिलाएंगे लेकिन यह इतना आसान नहीं है। शहबाज विश्वास मत के दौरान इमरान द्वारा अपनाए गए तिकड़म को नहीं भूले हैं।



## भारत को 2047 तक शीर्ष खेल राष्ट्र बनाना लक्ष्य : अमित शाह

**बेंगलुरू।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार का इरादा भारत को खेल राष्ट्र में बदलने का है, ताकि वह 2047 तक खेलों के क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष पांच देशों में हम शामिल हो सके। भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष मनाएगा। शाह ने इसके साथ ही कहा कि खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसी पहल का उद्देश्य भारत को शीर्ष खेल राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करना है। शाह ने कहा, ''हम चाहते हैं कि भारत 2047 तक खेलों के क्षेत्र में शीर्ष पांच देशों में शामिल हो जाए। उस समय हम अपनी स्वतंत्रता के 100 साल पूरे करने का जश्न मनाएंगे। केआईयूजी में पूरे भारत के 208 विश्वविद्यालयों के लगभग 3900 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। शाह ने कहा, ''हम भारत को खेल राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही हम खेल के बुनियादी ढांचे, खेल विज्ञान केंद्रों, सामुदायिक कोचिंग सुविधाओं का निर्माण कर रहे हैं। हम अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की व्यवस्था कर रहे हैं और वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश ने क्रिकेट को छोड़कर कभी किसी अन्य खेल में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से काम करने के लिये प्रेरित हुए, ताकि भारत 2047 तक शीर्ष खेल राष्ट्र बन सके।



## अवसंरचना विकास की किसी भी योजना के केंद्र में जनता होनी चाहिए : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधुनिक प्रौद्योगिकी और ज्ञान के इस्तेमाल पर आधारित, आपदा के अनुकूल अवसंरचना विकसित करने की जरूरत रेखांकित करते हुए बुधवार को कहा कि इससे न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी को आपदा से बचाने में मदद मिलेगी बल्कि भावी पीढ़ी को भी सुरक्षित किया जा सकेगा। आपदा प्रबंधन अवसंरचना पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के चौथे संस्करण के उद्घाटन सत्र को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित करते हुए उन्होंने कहा यह एक साझा सपना और दृष्टि है, जिसे हम सच्चाई में बदल सकते हैं। मोदी ने कहा कि भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आपदा के अनुकूल अवसंरचना बनाने की दिशा में काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आपदा के अनुकूल अवसंरचना व्यापक अनुकूलन प्रयासों का केंद्र हो सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अवसंरचना का अर्थ सिर्फ पूंजीगत आस्तियों का निर्माण और दीर्घ अवधि के लिए निवेश या रिटर्न हासिल करना नहीं है और न ही यह सिर्फ संख्या या धन के लिए है बल्कि यह जनता के लिए है। उन्होंने कहा कि जनता को उच्च गुणवत्ता वाली और सतत सेवा प्रदान करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। मोदी ने कहा कि अवसंरचना विकास की किसी भी कहानी के केंद्र में जनता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत भी यही करने की कोशिश कर रहा है।

## मुख्तार के अधिवक्ता ने जजो की दी गाली, एफआईआर

**मऊ।** सरकारी जमीन की पैमाईस करने मौके पहुची राजस्व टीम की पैमईस का विरोध करने के दौरान मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता दारोगा सिह द्वारा ''जजो'' गाली देने की खबर है। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर साक्ष्य इकटठा करने का काम शुरू कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार उप जिलाधिकारी सदर के एक आदेश पर थाना सरायलखंसी के ग्राम ताजोपुर किन्नूपुर के गाटा संख्या 411 और 426 की पैमाईस करने मौके पर राजस्व टीम के साथ पहुचे कानूनगों आदि से मौके पर दारोगा सिंह ने गाली गलौज करते हुए जहा सरकारी कार्यो की पूर्ति में बाधा पहुचाई तो वही पर ''जजो''को गालिया दी। कानूनगों की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर साक्ष्य इकटठा करने में जुट गई है।

## खास खबर

### युगांडा में बस हादसे में 20 लोगों की मौतः पुलिस

**कम्पाला।** पश्चिमी युगांडा में सड़क हादसे में यात्री बस में सवार 20 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बुधवार को सुबह हुए हादसे में मारे गए लोगों में सात नाबालिग हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। बस फोर्ट पोर्टल शहर से कम्पाला जा रही थी। सोशल मीडिया पर साझा किए गए हादसे के फोटो में लोगों को दुर्घटना स्थल पर मलबे से यात्रियों को बचाते हुए देखा जा सकता है।

### इसरो ने शुक्र ग्रह पर मिशन भेजने की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** चंद्रमा और मंगल पर मिशन भेजने के बाद इसरो शुक्र की कक्षा में भेजने के लिए अंतरिक्षयान तैयार कर रहा है, ताकि यह अध्ययन किया जा सके कि सौर मंडल के सबसे गर्म ग्रह की सतह के नीचे क्या है, और इस घेरे सल्फ्यूरिक एसिड के बादलों के नीचे का रहस्य क्या है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि शुक्र मिशन की परिकल्पना की गई है और परियोजना रिपोर्ट तैयार हुई है। उन्होंने वैज्ञानिकों से उच्च प्रभाव वाले परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। सोमनाथ ने कहा, ''भारत के लिए शुक्र की कक्षा में मिशन भेजना बहुत कम समय में संभव है क्योंकि भारत के पास आज यह क्षमता है।'' इसरो मिशन को भेजने के लिए दिसंबर 2024 का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

### 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी के घर पर चला बुलडोजर

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना स्थित देवगढ़ थाना क्षेत्र के खिटोरा गांव में बुधवार को 6 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना सामने आई है। मासूम बच्ची अपने पिता के लिए बीड़ी का बंडल लेने दुकान पर गई थी। आरोपी दुकानदार रिंकू शर्मा ने मासूम बच्ची को चॉकलेट व बिस्किट का लालच दिया। इसके बाद दुकान के पीछे कमरे में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। घटना का पता चलते ही गांव में हंगामा हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर 24 घंटे के अंदर उसके घर पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। मासूम बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देवगढ़ गांव निवासी 6 साल की बच्ची करीब साढ़े आठ बजे पिता के लिए बीड़ी लेने दुकान पर गई थी। दुकानदार रिंकू शर्मा उम्र 32 वर्ष टॉफी का लालच देकर उस दुकान के अंदर एक कमरे में ले गया। यहां पर आरोपी ने उसका मुंह बंद कर दुष्कर्म की बारदात को अंजाम दिया। वारदात के बाद आरोपी ने बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया।

### अवैध संबंधों के संदेह में चाकू मारकर कर दी पत्नी की हत्या

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद नगर के नया रसूलपुर इलाके में अवैध संबंधों के संदेह में व्यक्ति ने अपनी पत्नी की चाकू से प्रहार कर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक(नगर) मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि रसूलपुर थाना क्षेत्र स्थित नया रसूलपुर निवासी शहजाद मंगलवार को ईद के मौके पर अपने घर आया था। दोपहर में वह ईद मिलने के लिये अपने दोस्तों के साथ गया था। घर लौटने पर शाहजाद ने अपनी पत्नी यासमीन के पास इमरान नामक युवक को देखा, तब वह गुस्से में आ गया।

## राहुल के नेपाल में पार्टी वाले वीडियो पर मचा बवाल, भाजपा ने उठाए सवाल तो कांग्रेस ने किया पलटवार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भाजपा नेता इसे जमकर शेयर कर रहे हैं और राहुल व कांग्रेस पार्टी पर तंज कस रहे हैं। भाजपा के आईटी कन्वीनर अमित मालवीय ने इसे एक नाइट क्लब का वीडियो बताया है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि राजस्थान जल रहा है और राहुल विदेश में पार्टी कर रहे हैं। भाजपा के हमलों पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने कहा कि राहुल एक दोस्त की शादी में हिस्सा लेने नेपाल गए हैं और शादी समारोह में जाना कोई अपराध तो नहीं है। यह वीडियो काठमांडू के मशहूर नाइटक्लब लॉर्ड ऑफ रिंग्स के डिस्कोथेक का बताया जा रहा है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इस वीडियो को शेयर करते हुए कहा कि राजस्थान जल रहा है, लेकिन राहुल गांधी पार्टी कर रहे हैं। राहुल पार्ट टाइम राजनेता नहीं बल्कि पार्टी टाइम राजनेता हैं। ये पहली बार नहीं है। याद कीजिए उनका 26/11 के समय पार्टी मोड। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी ट्वीट करके कहा कि जब मुंबई पर हमला हुआ था, तब भी राहुल एक नाइटक्लब में थे। अब जब उनकी पार्टी में घमासान छिड़ा हुआ है, तब भी वह वहीं हैं। उनमें एक निरंतरता है। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने वीडियो शेयर करते हुए ट्वीट किया कि वेकेशन, पार्टी, हॉलिडे, मस्ती ट्रिप, निजी विदेशी यात्रा आदि अब देश के लिए कोई नई बात नहीं रह गई है भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने ट्वीट किया-अभी तो पार्टी बची हुई है, संकट पार्टी पर है, परिवार पर नहीं। इसी तरह तंज कसते हुए ट्वीट भाजपा के कई और नेताओं ने भी किए हैं। इनमें कपिल मिश्रा, तेजिंदर बग्गा आदि भी शामिल हैं। इसके बाद कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पलटवार किया। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बताया कि राहुल गांधी नेपाल में एक निजी शादी समारोह में हिस्सा लेने गए हैं।



## अब वायनाड में भी राहुल गांधी को घेरने पहुंचीं स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। इसी समय केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी उनके निर्वाचन क्षेत्र वायनाड पहुंची हैं। यहां उन्होंने कहा कि यहां बहुत कुछ नहीं किया गया है। साथ ही उन्होंने अपना अमेठी मॉडल भी वहां की जनता के सामने रखा। केंद्रीय मंत्री ने %वायनाड में हमारे दोस्तों के लिए अमेठी से प्यार के साथ% शीर्षक वाला एक वीडियो भी ट्वीट किया। इसमें उन्होंने बताया है कि कैसे राहुल अमेठी में ÷विफल÷ हुए। आपको बता दें कि पिछले लोकसभा चुनाव में ईरानी ने राहुल गांधी को अमेठी में हराया था। पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि क्या वह वायनाड से चुनाव लड़ने पर विचार करेंगी यदि उनकी पार्टी ऐसा करने को कहती है, स्मृति ईरानी ने कहा- ÷मैं राहुल गांधी नहीं हूं, मैं अमेठी से नहीं भागूंगी। स्मृति ईरानी ने कहा कि वायनाड जिले में केंद्र सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन खराब है।



उन्होंने विशेष रूप से पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) के बारे में बात की। साथ ही उन्होंने किशोर लड़कियों को वापस स्कूलों में लाने के लिए एक कार्यक्रम कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव पर भी बात की। उन्होंने कहा- ÷वायनाड में जिला शिक्षा अधिकारी को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। वायनाड की तुलना भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले से करते हुए ईरानी ने कहा कि इसने एस्पिरेशनल जिलों में अपनी रैंकिंग 111 से सुधार कर आठ कर ली है। वायनाड ने अपनी रैंकिंग में सुधार नहीं किया है। उन्होंने कहा, ÷यह देखते हुए कि चुनौतियां बहुत हैं, मैं खुशी व्यक्त नहीं कर सकती। उन्होंने जिले के सामने चुनौतियों को सूचीबद्ध करते हुए स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और कृषि, कौशल विकास और वित्तीय समावेश जैसे क्षेत्रों में अवसरों की बात की। उन्होंने कहा, ÷यह पाया गया कि नागरिकों को संतोषजनक रूप से राज्य का समर्थन और सब्सिडी नहीं मिल रही थी। जिला अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा- ÷मुझे बताया गया था कि 57,000 परिवार ऐसे हैं जिनके पास किसान क्रेडिट कार्ड नहीं हैं। 1.35 लाख घरों में पेयजल कनेक्शन नहीं है। भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण लंबित है। यहां सिकल सेल एनीमिया एक प्रमुख चिंता बनी हुई है, उचित स्क्रीनिंग नहीं होती है। मैंने जिला कलेक्टर को जिला चिकित्सा अधिकारी, आईसीडीएस कार्यक्रम अधिकारी और सामाजिक न्याय अधिकारी के साथ बैठने के लिए कहा है।

## रूसी तेल पर गहरी छूट पाने की कोशिश में जुटा भारत

### दोनों देशों के बीच इस लेकर चर्चा जारी

**नई दिल्ली।** यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिमी देशों से आर्थिक प्रतिबंध झेल रहा रूस अपने तेल को बेचने की जुगाड़ में लगा हुआ है। इस क्रम में वह भारत को भारी डिस्काउंट पर तेल बेचने की पेशकश पहले ही कर चुका है, क्योंकि अन्य खरीदार रूस से मुंह मोड़ चुके हैं। इसके बाद भारत तेल के ओपेक+ प्रोड्यूसर के साथ डील करने के जोखिम की भरपाई के लिए रूसी तेल पर गहरी छूट पाने की कोशिश कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा है कि इस संदर्भ में दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। भारत रूस से डिलीवर किए गए तेल के आधार पर प्रति बैरल 70 डॉलर (5352 रुपये) से कम पर रूसी तेल खरीदना चाहता है। बता दें कि वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट फिलहाल 105 डॉलर (8028 रुपये) प्रति बैरल के करीब बिक रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक रूस से भारत की सरकारी और निजी दोनों रिफाइनर ने फरवरी के अंत में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से 40 मिलियन बैरल से अधिक रूसी क्रूड ऑयल खरीदा है। व्यापार मंत्रालय द्वारा उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे 2021 की तुलना में रूस-से-भारत के लिए तेल खरीद 20 प्रतिशत अधिक है।

भारत अपने 85 प्रतिशत से अधिक तेल का आयात करता है और रूसी कच्चे तेल के कुछ शेष खरीदारों में से है। वहीं तेल व्लादिमीर पुतिन के शासन के लिए राजस्व का एक प्रमुख स्रोत है। यूरोपीय मांग का काम होना रूस के तेल उद्योग पर गंभीर दबाव डाल रहा है, सरकार का अनुमान है कि इस साल उत्पादन में 17 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

भारत मे रूसी तेल की खरीद पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, लेकिन समुद्री बीमा जैसे क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को कड़ा करने और अमेरिका द्वारा नई दिल्ली पर दबाव के चलते रूस के साथ व्यापार कठिन बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक भारी छूट वाले तेल प्राप्त करने के अवसर के कारण मास्को के साथ अपने संबंधों को कम करने के लिए पश्चिमी दबाव का विरोध किया है। भारत रूसी हथियारों के आयात पर भी अत्यधिक निर्भर है। सूत्रों ने कहा कि अगर रूस भारत द्वारा तय कीमतों पर सहमत होकर भारत को तेल डिलीवर करता है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### टी20 में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले खिलाड़ी बने राशिद

**मुम्बई** । गुजरात टाइटंस के स्पिनर राशिद खान के नाम एक ऐसा रिकार्ड बना है जिसे वह भूलना चाहेंगे। अफगानिस्तान के राशिद टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले खिलाड़ी बने हैं। आइपीएल 2022 के 48वें लीग मैच में राशिद पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में पहली ही गेंद पर आउट हो गये थे। इस प्रकार वह टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 33 बार शून्य पर आउट होने वाले खिलाड़ी बने हैं। वहीं इससे पहले यह रिकार्ड वेस्ट इंडीज के स्पिनर सुनील नरेन के नाम था। नरेन टी20 प्रारूप में अब तक कुल 32 बार शून्य पर ही आउट हुए हैं। वहीं टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार पहली ही गेंद पर आउट होने के मामले में क्रिस गेल तीसरे नंबर पर हैं। गेल भी 30 बार शून्य पर ही आउट हुए। वहीं आइपीएल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले राशिद खान ने ग्लेन मैक्सवेल की बराबरी की है। मैक्सवेल 12 बार खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौटे हैं। वहीं अब राशिद भी उनकी बराबरी पर आ गये हैं। इस मामले में दूसरे नंबर पर नरेन हैं। वह 11 बार शून्य पर ही आउट हुए हैं।

### केरल के फुटबॉलरों को एक करोड़ का इनाम देंगे शमशीर

**नई दिल्ली** । भारतीय मूल के यूएई के कारोबारी डॉ. शमशीर वायलिल केरल के फुटबॉलर्स को अपने वादे के अनुसार 1 करोड़ रुपये की इनामी राशि देंगे। इससे पहले शमशीर ने संतोष ट्रॉफी के फाइनल से पहले घोषणा की थी कि यदि केरल की टीम बंगाल को हराकर खिताब जीतती है तो वो टीम को 1 करोड़ रुपये की इनामी राशि देंगे। उन्?होंने ट्वीट करके इस बारे में घोषणा भी की थी। केरल ने संतोष ट्रॉफी में पेनल्टी शूटआउट में बंगाल को 5-4 से हराकर खिताब जीता था। केरल की जीत पर शमशीर ने खुशी जताई और कहा कि 1 करोड़ रुपये की इनामी राशि की घोषणा करते हुए मुझे खुशी हुई है। साथ ही कहा कि इस दौरान खिलाड़ियों का सम्मान कर उन्हें खुशी होगी।

### रूस की फुटबॉल टीमों पर प्रतिबंध

**जिनेवा** । युएफा ने रूस की फुटबॉल टीमों पर प्रतिबंध लगा दिया है। युएफा ने रूस की फुटबॉल टीमों को महिला यूरोपीय चैम्पियनशिप , पुरूषों की चैम्पियंस लीग और 2023 महिला विश्व कप क्वालीफाइंग से बाहर कर दिया है। इससे पहले फरवरी में रुसी हमले के विरोध में फीफा और युएफा ने संयुक्त रुस से रूस की राष्ट्रीय और क्लब टीमों के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खेलने पर प्रतिबंध लगा दिया था जिसमें पुरूषों का विश्व कप प्लेऑफ भी शामिल था हालांकि इन फैसलों के खिलाफ रूसी फुटबॉल संघ ने खेल पंचाट में अपील भी की थी पर उसे खारिज कर दिया गया था। प्रतिबंध के बाद अब महिला यूरो 2022 में रूस की जगह पुर्तगाल को शामिल किया गया है। वहीं रूसी प्रीमियर लीग विजेता जेनित सेंट पीटर्सबर्ग की जगह स्कॉटलैंड की चैम्पियन टीम को जगह मिली है। इस सत्र का चैम्पियंस लीग फाइनल भी अब रूस की जगह अब पेरिस में होगा। रूस को अगले सत्र में यूरोपा लीग और यूरोपा कांफ्रेंस लीग में भी शामिल नहीं किया गया है।

# प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने आरसीबी पर जीत के इरादे से उतरेगी सीएसके

**पुणे** । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम बुधवार को आईपीएल के 49वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को हराकर अपनी जीत की लय बनाये रखना चाहेगी। पिछले मैच में महेन्द्र सिंह धोनी के दोबारा कप्तानी संभालते ही टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था जिससे उसका मनोबल भी बढ़ा हुआ है। इस जीत के साथ ही सीएसके टीम अंक तालिका में 9वें पायदान पर पहुंच गयी थी। ऐसे में प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने के लिए उसे यह मैच किसी भी हाल में जीतना होगा। दोनों टीमों के बीच इस सत्र में यह दूसरी बार टक्कर हो रही है। पहले मैच में भी सीएसके को ही जीत मिली थी। ऐसे में इस मैच के लिए भी उसका पलड़ा भारी नजर आता है। सीएसके के पास बल्लेबाजी में धोनी के अलावा रुतुराज गायकवाड़, ड्वेन ब्रावो, जैसे खिलाड़ी हैं पर उसकी गेंदबाजी कमजोर नजर आती है। सीएसके चेन्नई की ओर से महीश तीक्षणा ने 7.54 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं, जबकि ड्वेन ब्रावो और मुकेश चौधरी की इकोनॉमी रेट भी 8.73 और 9.82 रहा है। उसके पास अधिकतर कम अनुभवी और युवा गेंदबाजी हैं जबकि आरसीबी का बल्लेबाजी और गेंदबाजी आक्रमण अच्छा है। आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसी भी अच्छे फार्म में चल रहे हैं। पिछले मैच में आरसीबी की ओर से विराट कोहली ने इस सत्र में पहली बार अर्धशतक लगाया था और वह इस सिलसिले को बनाये रखना चाहेंगे। सीएसके ने धोनी के कप्तानी संभालने के बाद हार के सिलसिले को जिस




प्रकार रोका है उससे टीम उत्साहित है। वहीं कप्तानी छोड़ने के बाद रविन्द्र जडेजा पर से दबाव हट गया है और वह भी अपने पहले वाले अंदाज में नजर आयेंगे। वहीं दूसरी ओर आरसीबी अभी अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है पर उसके पिछले तीन मैचों से हार का सामना करना पड़ रहा है जिससे उसके खिलाड़ियों का आत्मविश्वास घटा है।

आरसीबी को दिनेश कार्तिक से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। कार्तिक ने एक मैच में उसे शानदार जीत दिलायी थी। कार्तिक के अलावा ग्लेन मैक्सवेल भी एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं। जिनसे टीम को बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। सीएसके को इस मैच में सीएसके की कमजोर गेंदबाजी का भी लाभ मिलेगा क्योंकि सीएसके टीम के गेंदबाजों सिमरजीत सिंह, मुकेश चौधरी के पास अनुभव की कमी है। वहीं सीएसके टीम का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा है। उसके पास मोहम्मद सिराज, जेसन बेहरेनडॉर्फ और हर्षल पटेल जैसे गेंदबाजी हैं जिनका सामना करना सीएसके टीम के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा।

#### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, फाफ डुप्लेसी, हर्षल पटेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, जोश हेजलवुड, शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, शेरफेन रदरफोर्ड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, सुयश प्रभुदेसाई, चामा मिलिंद, अनीश्वर गौतम, कर्ण शर्मा, डेविड विली, रजत पाटीदार, सिद्धार्थ कौल.

**चेन्नई सुपर किंग्स-:** महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा (कप्तान), मोइन अली, बदीपक चाहर, अंबाती रायडू, रॉबिन उथप्पा, मिशेल सेंटनर, क्रिस जॉर्डन, एडम मिल्ने, डेवोन कॉनवे, शिवम दुबे , ड्वेन प्रिटोरियस, महेश तीक्ष्णा, राजवर्धन हैंगरगेकर, तुषार देशपांडे, केएम आसिफ, सी हरि निशांत, एन जगदीसन, सुब्रंशु सेनापति, के भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, सिमरजीत सिंह, मुकेश चौधरी।



*इंग्लैंड में विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप में जीत के बाद उत्साहित रोनी ओ सुलिवन ट्रॉफी के साथ पोज देते हुए।*

### 66 की उम्र में दूसरी बार दूल्हा बने पूर्व क्रिकेटर अरुण लाल

**कोलकाता** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज अरुण लाल दूसरी बार शादी के बंधन में बंधे हैं। 66 साल की उम्र में अरुण लाल ने 38 साल की बुलबुल साहा के साथ शादी की। यह अरुण लाल की दूसरी शादी है। उनकी पहली शादी रीना से हुई थी। वहीं उनकी दूसरी पत्नी बनी बुलबुल 38 साल की है और पेशे से शिक्षक है। लाल और बुलबुल की शादी करीबी मित्रों और परिवार की मौजूदगी में आयोजित एक निजी समारोह में हुई। लाल और बुलबुल कथित तौर पर कुछ समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और पिछले महीने एक-दूसरे से सगाई की थी। बुलबुल ने फेसबुक पर तस्वीरें शेयर की हैं जिसके बाद तस्वीरें वायरल हो गई। बुलबुल ने अपनी शादी की कई तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, आधिकारिक तौर पर श्रीमती लाल। हमारे परिवार और दोस्तों को हमारा समर्थन करने के लिए धन्यवाद।

# आईपीएल अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंची पंजाब किंग्स

### ऑरेंज कैप की दौड़ में बटलर, पर्पल कैप की दौड़ में चहल सबसे आगे

**मुम्बई** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स की टीम ने 48वें लीग मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर पांचवां स्थान हासिल किया है। पंजाब ने शीर्ष स्थान पर चल रही गुजरात को 8 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही पंजाब की टीम 8वें से सीधे 5वें स्थान पर पहुंच गई है जबकि पांचवे स्थान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) छठे स्थान पर खिसक गई है क्योंकि पंजाब रन औसत में उससे आगे निकल गयी है। गुजराज टीम इस हार के बाद भी अंक तालिका में सबसे अधिक अंक लेकर नंबर एक स्थान पर बनी हुई है। गुजरात के बाद अंक तालिका में लखनऊ सुपर जायंट्स दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स तीसरे और सनराइजर्स हैदराबाद चौथे स्थान पर बनी हुई है।

दिल्ली कैपिटल्स 8 अंकों के साथ 7वें और कोलकाता नाइट राइडर्स 8वें स्थान पर है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस 9वें और 10वें स्थान पर बनी हुई है। वहीं ऑरेंज कैप की रैस में राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर सबसे ज्यादा रन बनाकर नंबर एक स्थान पर हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान लोकेश राहुल 451 रन बनाकर दूसरे जबकि पंजाब के शिखर धवन तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। सबसे अधिक विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल शीर्ष पर हैं। चहल ने 10 मैचों में 19 विकेट लिए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के कुलदीप यादव 17 विकेट के साथ बेहतर औसत के कारण दूसरे व पंजाब के कगिसो रबाडा 17 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर हैं।

### लिविंगस्टोन ने लगाया आईपीएल का सबसे लंबा छक्का

**मुम्बई** । पंजाब किंग्स के ऑलराऊंडर लियाम लिविंगस्टोन ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए एक मैच में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की गेंद पर सबसे लंबा छक्का लगाया है। लिविंगस्टोन ने शमी के एक ही ओवर में चार छक्के लगाकर 30 रन बनाये। सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने शमी की पहली ही गेंद पर 117 मीटर लंबा छक्का लगाया। यह सत्र का सबसे लंबा छक्का है। आईपीएल में सबसे लंबा छक्का लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी देवाल्ड बेविस हैं। बेविस ने 112 मीटर लंबा छक्का लगाया था। वहीं तीसरे नंबर पर लियाम लिविंगस्टोन हैं। उनके नाम 108 मीटर लंबा छक्का लगाने का रिकार्ड है।

# फीफा ने सेनेगल फुटबॉल महासंघ पर जुर्माना लगाया

**ज्यूरिख** । विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) ने एक प्लेऑफ मैच में सेनेगल टीम के प्रशंसकों के खराब व्यवहार को देखते हुए सेनेगल फुटबॉल महासंघ पर भारी भरकम जुर्माना लगाया। इस मैच में दर्शकों ने मिस्र के खिलाड़ी मोहम्मद सालाह के चेहरे पर लेजर लाइट मारी थी। सलाह जब पेनल्टी पर किक के लिए आये तो दर्शकों ने उनके चेहरे पर हरे रंग की यह लेजर लाइट मारी। फीफा ने कहा कि उसकी अनुशासन समिति ने सेनेगल के प्रशंसकों के मैदान में आने के साथ ही एक विवादास्पद बैनर लगाने के मामले में जांच की थी। इस दौरान पाया गया कि फुटबॉल महासंघ स्टेडियम में कानून और व्यवस्था बनाने में विफल रहा। इस कारण उसपर तकरीबन एक करोड़ 38 लाख रुपये जर्माना लगाया गया है।

इसके साथ ही सेनेगल को सजा के तौर पर अब अपना एक मैच खाली स्टेडियम में खेलना होगा। इससे पहले फीफा की अनुशासनात्मक समिति ने विश्व कप क्वालीफाइंग मैचों के दौरान दर्शकों के खराब व्यवहार के कारण कुछ अन्य देशों की टीमों को भी ऐसी ही सजाएं दीं थीं।

## व्यापार न्यूज


### पीरामल बांड जारी कर 700 करोड़ जुटाएगी

**नई दिल्ली** । पीरामल एंटरप्राइजेज ने बुधवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल की प्रशासनिक समिति ने निजी नियोजन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी करके 700 करोड़ रुपए जुटाने की मंजूरी दे दी है। पीरामल एंटरप्राइजेज ने शेयर बाजारों को बताया कि समिति ने बुधवार को हुई बैठक में निजी नियोजन के आधार पर एनसीडी जारी करने की मंजूरी दी है। इस निर्गम का आकार 50 करोड़ रुपए होगा। इसमें, 650 करोड़ रुपये के अभिदान को रखने का विकल्प भी होगा, जिसके साथ यह 700 करोड़ रुपए का हो जाएगा। कंपनी ने कहा कि एनसीडी रेटेड, सूचीबद्ध, सुरक्षित, भुनाने योग्य और बाजार से संबद्ध हैं। इन्हें एनएसई और बीएसई पर ऋण खंड और पूंजी बाजार खंड में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी को 864 करोड़ का मुनाफा

मुंबई । जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने बताया कि 31 मार्च को समाप्त पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनी को 864 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ जो अबतक का उसका सर्वोच्च तिमाही लाभ है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी ने 107 करोड़ रुपए का लाभ दिखाया था। कंपनी ने एक बयान में कहा है कि कर्चम वांगटु परियोजना की वास्तविक कीमत के समायोजन के बाद जनवरी-मार्च 2022 की तिमाही में उसका लाभ 372 करोड़ रुपए रहा। इस दौरान कंपनी का कुल राजस्व 64 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2655 करोड़ रुपए रहा जो कि पिछले साल इस दौरान 1,614 करोड़ रुपए था।

### डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे बढ़ा



**मुंबई** । एलआईसी का आईपीओ खुलने और उससे विदेशी पूंजी के प्रवाह के अनुमान के बल पर रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे की तेजी के साथ 76.40 पर खुला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.46 पर खुला और बढ़त दर्ज करते हुए 76.40 के स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद के मुकाबले आठ पैसे की तेजी दर्शाता है। पिछले कारोबारी सत्र, सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 76.48 पर बंद हुआ था। एलआईसी का आईपीओ खुदरा एवं संस्थागत निवेशकों के लिए चार मई से नौ मई तक खुला रहेगा। एलआईसी ने आईपीओ के लिए शेयर का मूल्य दायरा 902-949 रुपए तय किया है। निर्गम के दौरान बिक्री के लिए 22.13 करोड़ इक्विटी शेयरों की पेशकश की जाएगी। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत बढ़कर 103.51 पर आ गया।

### सोने का भाव टूटा, चांदी की चमक भी फीकी



**नई दिल्ली** । बीते दिनों से कीमती धातुओं में जारी गिरावट का सिलसिला बुधवार को भी जारी है। एमसीएक्स पर जहां सोने की कीमत फिर से टूटकर कम हो गई, वहीं दूसरी ओर चांदी के दाम में भी कमी आई है। सोने का भाव बुधवार को 0.43 फीसदी घटकर 50,590 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ गया, तो वहीं चांदी के दाम में भी 0.36 फीसदी की गिरावट आई है और इसका दाम कम होकर 62,821 रुपए प्रति किलोग्राम रह गया। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है। यहां बता दें कि आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है।

## मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार

# सेंसेक्स 57100, निफ्टी 17069.10 अंक पर



**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में मिलेजुले रूख और रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस तथा एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े शेयरों में गिरावट के कारण बुधवार को सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 200 अंक से अधिक चढ़कर खुला, लेकिन यह इस बढ़त को कायम नहीं रख पाया और शुरुआती सौदों में 27.41 अंक की गिरावट के साथ 57,184.21 अंक पर आ गया जबकि एनएसई निफ्टी भी 33.45 अंक गिरावट के साथ 17,069.10 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में डॉ. रेड्डीज, टाइटन, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर पॉवर ग्रिड, एनटीपीसी, इंफोसिस और विप्रो हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। पिछले कारोबारी सत्र में सोमवार को तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान भारी गिरावट से कुछ हद तक उबरने के बाद आखिर में 84.88 अंक के नुकसान के साथ 56,975.99 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 33.45 अंक गिरकर 17,069.10 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को ईद-उल-फितर के कारण शेयर बाजार बंद रहे। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 1,853.46 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

# अक्षय तृतीया पर देशभर में सोना-चांदी का 15 हजार करोड़ का कारोबार हुआ

## साल 2020 में अक्षय तृतीया पर सिर्फ 500 करोड़ की बिक्री हुई थी

**नई दिल्ली** । कोरोना महामारी से राहत मिलने के बाद अक्षय तृतीया पर इस साल सराफा बाजार गुलजार हुआ। इस दौरान देशभर के सराफा बाजार में काफी गहमा गहमी दिखाई दी और सराफा कारोबारियों ने बड़ा व्यापार किया।



सराफा कारोबारियों का कहना है कि दो वर्ष के अंतराल के बाद मंगलवार को अक्षय तृतीया के मौके पर देशभर में सोने-चांदी का लगभग 15 हजार करोड़ रुपए का व्यापार हुआ। इस मौके पर सोने-चांदी के आभूषण या सिक्के खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी से पहले साल 2019 में देशभर में अक्षय तृतीया पर लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था। इस बार डेढ़ गुना ज्यादा कारोबार हुआ। हालांकि, साल 2020 में कोविड-19 संक्रमण की पहली लहर आने की वजह से लंबा लॉकडाउन था और मई में पड़ने वाले अक्षय तृतीया पर सिर्फ शगुन के रूप में 5 फीसदी कारोबार हुआ। इस दौरान देशभर में महज 500 करोड़ की बिक्री हुई थी। एक साल बाद मई, 2021 में भी संक्रमण की दूसरी लहर के कारण लॉकडाउन लगा और फिर अक्षय तृतीया पर कारोबार लगभग ठप रहा। इस बार ग्राहकों के उत्साह ने कारोबारियों के नुकसान की भरपाई कर दी।

कारोबारियों ने बताया कि तीन साल पहले 2019 में अक्षय तृतीया के मौके पर सोना तब 32,700 रुपए प्रति 10 ग्राम तो चांदी 38,350 रुपए प्रति किलो थी। वहीं इस वर्ष अक्षय तृतीया के पांच दिन पहले सोना 53 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तो चांदी 66,600 रुपए प्रति किलो के आसपास रही। इस तरह महज तीन साल के भीतर सोने की कीमत में करीब 20 हजार रुपए की बढ़ोतरी हो गई। भारतीय ग्राहकों का रुझान सोने की ईंटों (गोल्ड बार) और सिक्कों की ओर ज्यादा हो रहा है। साल 2021 की पहली तिमाही में गोल्ड बार और सिक्के का कुल आयात 39.3 टन था, जबकि 2022 की पहली तिमाही में यह बढ़कर 41.3 टन पहुंच गया। इसी तरह सोने आभूषण का पिछले साल की पहली तिमाही में कुल आयात 126.5 टन था, लेकिन इस बार यह 94.2 टन ही रहा। इससे पता चलता है कि निवेशक अब आभूषण के बजाए सिक्कों और बार पर ज्यादा जोर दे रहे हैं।

# हीरो ने अप्रैल में बेचे 4,18,622 बाइक और स्कूटर

**नई दिल्ली** । हीरो मोटोकॉर्प कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की अच्छी शुरुआत की है और पिछले महीने अप्रैल में 4,18,622 मोटरसाइकल और स्कूटर डोमेस्टिक और इंटरनैशनल मार्केट में बेचे हैं। हीरो मोटोकॉर्प ने अप्रैल 2022 में जहां सालाना रूप से ग्रोथ दर्ज कराई है, वहीं मंथली रूप से इसके टू-व्हीलर्स की बिक्री में कमी देखने को मिली है।

भारत में कम्यूटर बाइक सेगमेंट में बेस्ट सेलिंग हीरो स्प्लेंडर के साथ ही एचएफ डीलक्स और पैशन प्रो समेत अन्य पॉपुलर बाइक और स्कूटर बेचने वाली कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के लिए पिछल महीना कैसा रहा, देखें डिटेल्स। हीरो मोटोकॉर्प अप्रैल 2022 सेल्स रिपोर्ट देखें इस देसी कंपनी ने पिछले महीने डोमेस्टिक और इंटरनैशनल मार्केट में




4,18,622 टू-व्हीलर्स बेचे हैं, जिनमें डोमेस्टिक मार्केट में कुल 3,98,490 यूनिट और एक्सपोर्ट के रूप में 20,132 यूनिट है। यहां बता दें कि अप्रैल 2021 में हीरो मोटोकॉर्प ने महज 3.72 लाख यूनिट डोमेस्टिक और इंटरनैशनल मार्केट में बेचे थे, ऐसे में इस साल अप्रैल में 12 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, पिछले साल अप्रैल के मुकाबले इस साल अप्रैल में एक्सपोर्ट में 32 फीसदी की कमी देखने को मिल रही है। मंथली सेल की बात करें तो मार्च 2022 में हीरो मोटोकॉर्प ने घरेलू मार्केट और इंटरनैशनल मार्केट में 4.50 लाख टू-व्हीलर्स बेचे थे, ऐसे में अप्रैल में 7 फीसदी कम बिक्री हुई है। हीरो मोटोकॉर्प भारत में सबसे ज्यादा टू-व्हीलर बेचती है। कंपनी ने कम्यूटर बाइक सेगमेंट में अच्छी माइलेज वाली कई धांसू बाइक पेश की है, जिनमें हीरो स्प्लेंडर सबसे खास है। इसके साथ ही हीरो एचएफ डीलक्स, हीरो पैशन प्रो, हीरो ग्लैमर जैसी कम्यूटर बाइक भी है। आने वाले समय में हीरो मोटोकॉर्प अपना पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार है।कंपनी ने एडवेंचर सेगमेंट में भी अच्छे मोटरसाइकल पेश किए हैं।

### हीरो मोटोकॉर्प का मुनाफा 30 प्रतिशत घटकर 621 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली** । हीरो मोटोकॉर्प का मुनाफा मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही में 30 प्रतिशत घटकर 621 करोड़ रुपए रहा। दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी को इससे पूर्व 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही में 885 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आय 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में घटकर 7,497 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 8,690 करोड़ रुपए थी। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का मुनाफा 21 प्रतिशत घटकर 2,329 करोड़ रुपए रहा जो इससे पूर्व वित्त वर्ष 2020-21 में 2,936 करोड़ रुपए था। कंपनी की परिचालन आय आलोच्य वित्त वर्ष में घटकर 29,551 करोड़ रुपए रही जो 2020-21 में 30,959 करोड़ रुपए थी। हीरो मोटोकॉर्प के निदेशक मंडल ने दो रुपए अंकित मूल्य के शेयर पर 35 रुपए प्रति शेयर का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है।

# लोग आपके काम की सराहना करने लगते हैं तो खुशी होती है : रकुल प्रीत सिंह



अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह एक सेल्फमेड स्टार हैं। 2014 में फिल्म यारियां से बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने वाली रकुल ने आउटसाइडर टैग को काफी अच्छे से हैंडल किया है, और वे आज हिंदी फिल्म उद्योग में सबसे व्यस्त अभिनेत्रियों में से एक है। अभिनेत्री अपनी सफलता का श्रेय अपनी काबिलियत को न मानने और स्टारडम ना खोने के डरने को देती है। रकुल बताती है, आखिरकार यह तब होता है जब लोग आपके काम की सराहना करना शुरू करते हैं। ये वही है जिसके लिए आप काम करते हैं। एक मुस्कान जो आप किसी के चेहरे पर लाते हैं या जब वे आते हैं और कहते हैं कि हमें आपकी वह फिल्म पसंद आई। यह सब आपको खुशी देता है। उन्होंने आगे कहा, मैं उस तरह की व्यक्ति नहीं हूं जो डर में रहती है। मैं कुछ भी नहीं लेकर आई थी और मैं हमेशा उज्जवल पक्ष देखती हूं कि मुझे वहां मौका मिला जहां इतने सारे लोग फिल्में करना चाहते हैं। मैं अपने सपने को जी रही हूं। रकुल प्रीत बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्रियों में से हैं, और उनके पास फिल्मों की लंबी लाइन है। वर्तमान में, वह ओटीटी फिल्म सरदार का ग्रेंडसन की रिलीज का इंतजार कर रही है, जिसमें उनके साथ अर्जुन कपूर हैं। अमिताभ बच्चन और फिल्म के अभिनेता निर्देशक अजय देवगन के साथ उनकी मायडे आ रही है। अटैक में, वह जॉन अब्राहम के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। उसके पास अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर थैंक गॉड, कमल हासन की इंडियन 2 और आयुष्मान खुराना स्टारर डॉक्टर जी भी है।

## सलमान खान और कैटरीना कैफ की टाइगर 3 को लेकर आई बड़ी खबर

बॉलीवुड के मशहूर कलाकार सलमान खान और कैटरीना कैफ की सुपरहिट जोड़ी एक बार फिर से सिल्वर स्क्रीन पर नजर आने वाली है। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जल्दी ही



कैटरीना और सलमान एक साथ फिल्म टाइगर 3 में नजर आने वाले हैं। जिस पर पिछले काफी समय से काम चल रहा है। सिल्वर स्क्रीन पर एक बार फिर से सलमान कैटरीना की जोड़ी को देखने के लिए फैंस भी काफी उत्साहित है और फिल्म टाइगर 3 की रिलीज का



बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अब सलमान खान और कैटरीना कैफ की फिल्म टाइगर 3 को लेकर जो खबर सामने आ रही है उसे सुनने के बाद दोनों के चाहने वालों को झटका लगने वाला है। बता दें की शूटिंग होने की वजह से अब फिल्म टाइगर 3 मेकर्स ने मुंबई में बने फिल्म के सेट को तोड़ दिया है। कोरोना वायरस के कारण मुंबई में टाइगर के अलावा कई फिल्मों की शूटिंग रूकी हुई है और अभी उम्मीद भी नजर नहीं आ रही है कि फिल्मों की शूटिंग महाराष्ट्र में कब शुरू की जाएगी। ऐसे में अब मेकर्स ने फिल्मों और टीवी शो के सेट को तोड़ना ही ठीक समझा है। क्योंकि सेट को बनाए रखने में मेकर्स को ज्यादा खर्चा आ रहा है।खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि शूटिंग कब शुरू होगी इस पर अभी कुछ भी साफ नहीं हो पाया है। मीड जून तक सरकार शूटिंग के लिए हरी झंडी दे सकती है। मेकर्स चाहते हैं कि फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले सभी क्रू को वैक्सीन लग जाए।

## एक्टर्स के पास प्लान बी भी होना जरूरी है : समीक्षा भटनागर

अभिनेत्री समीक्षा भटनागर का मानना है कि एक्टर्स के लिए एक बैक अप करियर विकल्प महत्वपूर्ण है क्योंकि उद्योग बहुत अनिश्चित है। वह भी एक विकल्प देख रही हैं। उन्होंने बताया अगर कोई कलाकार बनने की योजना बना रहा है तो प्लान बी या एक वैकल्पिक व्यवसाय मॉडल होना निश्चित रूप से एक अच्छा प्रस्ताव है। कुछ ऐसा जो आपका पूरा ध्यान नहीं लेता है, इसे स्थापित करना आसान है और अच्छा वित्तीय रिटर्न देता है। मैंने भी एक प्लान सेट अप कर लिया है और लेकिन मैं उसी तर्ज पर एक और प्लान सोच रही हूं। हालांकि, वह कहती हैं कि पेशे का हिस्सा बनने के बाद सभी एक्टर्स को संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए। वह कहती है कि मैं केवल इतना कह सकती हूं कि हमें अपने विकल्पों को बुद्धिमानी से चुनना चाहिए। यदि आप एक एक्टर्स बनना चाहते हैं, तो आपको बहुत सारी कठिनाइयों से गुजरना होगा और आपको रोलरकोस्टर की सवारी के लिए तैयार रहना चाहिए।

# राइमा सेन ने कराया टॉपलेस फोटोशूट, तस्वीरें तेजी से हो रही वायरल



हिंदी और बंगाली सिनेमा में अपनी हुस्न का जलवा बिखेरने वाली मशहूर एक्ट्रेस राइमा सेन इन दिनों नई वेब सीरी को लेकर काफी चर्चा में हैं। हाल ही में उनका सुपरनेचुरल क्राइम वेब सीरीज द लास्ट आवर रिलीज हुआ है जिसे दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। एक्ट्रेस को भी इस सीरीज में काफी सराहना मिली है। मगर इस बार हम उनकी चर्चा लेटेस्ट वेब सीरीज को लेकर नहीं बल्कि उनके लेटेस्ट फोटोशूट को लेकर कर रहे हैं। दरअसल, राइमा सेन ने एक बोल्ड फोटोशूट करवाया है जिसकी वजह से वो काफी चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने हाल ही में एक टॉपलेस बोल्ड फोटोशूट करवाया है। जिसे देखकर फैंस की सांसे थम गई हैं। इन फोटोज को राइमा सेन ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया है। राइमा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपने फैंस के लिए खास तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करती रहती हैं। इस बार भी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर तीन टॉपलेस फोटो शेयर की हैं। तस्वीरों में उनका बोल्ड अंदाज हर किसी को उनकी ओर आकर्षित करने वाला है। इन फोटोज को देखने के बाद उनके फैंस खुद को इसे लाइक करने से रोक नहीं सकते। उनके इस बोल्ड और सैक्सी लुक को फोटोग्राफर तथागत घोष ने अपने कैमरे में कैद किया है। जो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वो अपनी परफेक्ट बैक और फिगर फ्लांट करती नजर आ रही हैं। इसके साथ ही राइमा अक्सर अपने आई मेकअप के साथ एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं, मगर इस बार सिंपल काजल क्लैड आईज और न्यूड शेड लिपकलर के साथ उन्होंने फ्लॉलेस बेस मेकअप का इस्तेमाल किया है। साथ में खुले बाल में राइमा का लुक और भी सैसी लग रहा है। बात करें, राइमा के वर्कफ्रंट की तो, वो साल 2018 में फिल्म वोडका डायरीज में नजर आयी थीं।



# बिजली का संकट

हर साल की तरह इस बार भी देश में बिजली का संकट गहराने लगा है। कई राज्य बिजली की भारी कमी से जूझ रहे हैं। रोजाना आठ-दस घंटे की बिजली कटौती हो रही है। सिर्फ घरों को ही नहीं, उद्योगों तक को बिजली नहीं मिल रही। बिजली के बिना किसान भी खेतों में काम नहीं कर पा रहे हैं। कोयले की भारी कमी की बात कह कर बिजलीघरों ने हाथ खड़े कर दिए हैं। भीषण गर्मी के चलते देशभर में बिजली की मांग बढ़ती जा रही है। ऐसे में देश के एक चौथाई पावर प्लांट बंद हैं। नतीजा, 16 राज्यों में 10 घंटे तक के बिजली कटौती शुरू हो गई है। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक, देशभर में 10 हजार मेगावॉट, यानी 15 करोड़ यूनिट की कटौती हो रही है, लेकिन बिजली की कमी वास्तव में कहीं ज्यादा है। इस बीच रेल मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने पावर प्लांट्स तक कोयले की तेजी से सप्लाई के लिए कुल 42 ट्रेनों को अनिश् चत काल के लिए कैंसिल कर दिया है, ताकि कोयला ले जा रही मालगाडियां समय पर निर्धारित स्टेशनों पर पहुंच सकें। बिजली कटौती का असर अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी होने लगा है। कोयले की कमी के गहराते संकट के बीच दिल्ली सरकार ने मेट्रो और अस्पतालों समेत कई आवश्यक संस्थानों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति में असमर्थता जताई है। उधर, अकेले यूपी में ही 3 हजार मेगावॉट से ज्यादा की कमी है। वहां 23 हजार मेगावॉट बिजली की डिमांड है, जबकि सप्लाई 20 हजार मेगावॉट है। बिजली कटौती का मुख्य कारण देश के एक चौथाई बिजली प्लांट्स का बंद होना है। इनमें से 50 फीसदी प्लांट कोयले की कमी के चलते बंद हैं। ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक देश के 18 पिटहेट प्लांट यानी ऐसे बिजलीघर, जो कोयला खदानों के मुहाने पर ही हैं, उनमें तय मानक का 78 फीसदी कोयला है। जबकि दूर दराज के 147 बिजलीघर (नॉन-पिटहेट प्लांट) में मानक का औसतन 25 फीसदी कोयला उपलब्ध है। यदि इन बिजलीघरों के पास कोयला स्टॉक तय मानक के मुताबिक 100 फीसदी होता तो पिटहेट प्लांट 17 दिन और नॉन-पिटहेट प्लांट्स 26 दिन चल सकते हैं। देश के कुल 173 पावर प्लांट्स में से 106 प्लांट्स में कोयला शून्य से लेकर 25 फीसदी के बीच ही है। दरअसल कोयला प्लांट बिजली उत्पादन को कोयले के स्टॉक के मुताबिक शेड्यूल करते हैं। स्टॉक पूरा हो तो उत्पादन भी पूरा होता है। जिन राज्यों में बिजली संकट ज्यादा है, उनमें पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र प्रमुख हैं। गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढना कोई नई बात नहीं है। पिछले कुछ सालों के मुकाबले इस साल बिजली की मांग में भारी बढ़ोतरी की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि पिछले अड़तीस साल में पहली बार इस वर्ष अप्रैल में बिजली की सबसे ज्यादा मांग बढ़ी। पर संकट की जड़ें बिजली की मांग में नहीं, उसके उत्पादन में हैं। जिस तेजी से शहरी आबादी बढ़ रही है, उसे देखते हुए तो बिजली की मांग बढ़ेगी ही। फिर घरों में एसी से लेकर बिजली से चलने वाली तमाम चीजें उपयोग में होती हैं। हालात बता रहे हैं कि संकट आसानी से खत्म नहीं होने वाला। जैसे ही गर्मी का मौसम शुरू होता है, बिजली की मांग बढने लगती है और बिजलीघर कोयले की कमी का रोना रोने लगते हैं। पर हैरानी की बात यह है कि इसका स्थायी समाधान निकालने की दिशा में कुछ होता दिखा नहीं है। सवाल तो इस बात का है कि जब सरकार को पता है कि पिछले कई सालों से यह समस्या बनी हुई है, तो फिर इससे निपटने के लिए अब तक ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए? क्या बिजली संकट का मुद्दा प्राथमिकता में नहीं होना चाहिए?

# पेट्रोल-डीजल की राजनीतिक पैतरेबाजी से आम जनता है परेशान-खबरीलाल

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में इन दिनों कुछअच्छा नही चल रहा है! भारत राजनीति की दुर्दशा व दिशाविहीन होने से भारतीय राजनीतिज्ञ पंडित निराश है। वैश्विक महामारी कोरोना से अभी देश उभर भी नही पाया था कि सुरसा के मुहँ जैसी वेरोजगारी %महेंगाई व ओछी राजनीति से जनता जनार्दन परेशान है।

आप को याद होगा कि कुछ दिन पहले ही कोरोना के नये वायरस का प्रकोप फिर से दिखने लगा है। कोरोना संकमण के केसों मे आये दिनो वृद्धि देखने को मिल रही है। इस बाबत प्रधान मंत्री के द्वारा राज्यो की मुख्यमंत्री की बैठक विगत दिनों ऑन लाईन बैठक बुलाई थी।प्रधान मंत्री ने मुख्यमंत्रियों की इस बैठक के दौरान पेट्रोल और डीजल पर वैट टैक्स को लेकर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने पेट्रोल और डीजल में वैट टैक्स घटाकर जनता राहत नहीं देने वाले 7राज्यों के नाम लेकर उन्हें निशाने बनाते हुए जनता की बीच अपनी लोक प्रियता बनाने की कोशिस की। पी एम ने राज्य की जनता के मध्य एक ऐसा संदेश देने का प्रयास किया कि जनता कीजेब से पैसे निकाल कर गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकार द्वारा अपने राजकीय खजाने भरने की कोशिस कर रही है।पी एम ने कहा कि केंद्रसरकार ने विगत साल नम्बर महीने में ही ईंधन से उत्पाद शुल्क घटा लिया थाऔर राज्यों से भी वैट टैक्स को लेकर कटौती की अपील की थी।कुछ राज्यों ने तो आगे बढ़कर जनता की सेवा के लिए करों में कटौती कर दी लेकिन कुछ राज्यों ने अभी भी वैट में कटौती करने को नहीं तैयार हैं।पी एम मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि मैं किसी की व्यक्तिगतआलोचना नहीं कर रहा हूं,बल्कि महाराष्ट्र, पश्चिमबंगाल, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, केरल, झारखंड और तमिलनाडु से वैट कम करने और स्थानीय लोगों को लाभ देने का अनुरोध करता हुँ।

प्रधान मंत्री ने गैरभाजपा शासित राज्यो के विपक्षी दलो की सरकार द्वारा तेल की ऊंची कीमतों के लिए केंद्र पर निशाना साध रहे हैं,मेरी समझ मे यह बात नही आ रही है कि सभी राज्यों में 100 रुपये का आंकड़ा पार कर गया है।आप को भी याद होगा कि केंद्र सरकार ने पिछले साल नम्बर माह में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 5 रुपये,डीजल पर10 रुपये की कटौती की घोषणा की थी और राज्यों से ईंधन पर वैट में भी कमी करने की अपील की थी। प्रधानमंत्री की अपील पर तत्काल ही जहां कुछ बीजेपी शासित राज्यों ने इंधन पर कर कटौती की घोषणा की थी लैकिन कुछ राज्यों ने कर मे कटोती नहीं किये थे %क्योकि राज्यो के पास वैट टैक्स कम करने से उनके राजस्व में कमी आती , जिसके कारण राज्य सरकार ने अभी तक ऐसा नहीं किया है।प्रधानमंत्री ने इस बैठक में उन राज्यों का नाम लिया और राज्य के उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए वैट में कटौती करने को बल देते हुए कहा,कि महाराष्ट्र,पश्चिमबंगाल,तेलंगाना,आंध्रप्रदेश, केरल,झारखंड,तमिलनाडु ने किसी न किसी वजह से केंद्र सरकार की बात नहीं मानी और उन राज्यों के नागरिकों पर बोझ बना हुआ है।पिछले वर्ष नवंबर में ही ये किया जाना था,ताकि नागरिकों को वैट कम उसका लाभआपको लोगों को देना चाहिए था।प्रधान मंत्री के द्वारा दिये गये इस बयान पर विपक्षी भला कहा पीछे रहने वाले थें। उन्होंने अपना मजबुत पक्ष रखते हुए कहा कि राज्यो के हिस्से का जी एस टी की मोटी रकम केन्द्र सरकार के पास बकाया है।उधर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी ने पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क से 26 लाख करोड़ रुपये कमाए,लेकिन इसे राज्यों के साथ साझा नहीं किया उन्होंने कहा,÷आपने राज्यों को जीएसटी का हिस्सा समय पर नहीं दिया



उपर से हमे आप राज्यों से वैट को और कम करने के लिए कहते हैं। जब कि उन्हें स्वंय केंद्रीय उत्पाद शुल्क कम करना चाहिए और बाद मै फिर दूसरों को वैट कम करने के लिए सलाह देनी चाहिए।पीएम मोदी के द्वारा उठा ये गये इस मुद्दे के बाद एक बार फिर से डीज़ल-पेट्रोल पर वेट पर बहस की राजनीति शुरू हो गयी है।आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी इसी के साथ शुरू हो गया है।डी एम के सांसद और महाराष्ट्र सी एम ने दी प्रतिक्रिया दी वहीं डीएमके सांसद टीकेएस एलनगोवन ने पेट्रोल पर वैट घटाने को लेकर केंद्र को जवाब दिया है।एलनगोवन ने कहा,पीएम मोदी सीधे तौर पर विपक्षी दलों की ओर से शासित राज्यों को पेट्रोल से वैट घटाने को कह रहे हैं।पीएम भाजापा शासित राज्यो गुजरात और कर्नाटक की राज्यों से टैक्स कम करने को कहते नही हैं।केंद्र सरकार द्वारा इकट्ठा किया गए टैक्स की मात्रा इन राज्यों के द्वारा इकट्ठा किए गए टैक्स की मात्रा का तीन गुना है।उन्होने कहा कि केंद्र सरकार एक ओर 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की बात तो करते हैं लेकिन संकट के समय में पी एम पी एस यू बेच रहे हैं।महाराष्ट्र सीएमओ की ओर से राज्यों से पेट्रोल डीजल पर वैट घटाने को लेकर कहा गया राज्य की जनता को राहत देने के लिए राज्य सरकार की ओर से नेचुरल गैस पर टैक्स राहत दी गई है।इसे बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस पर वैट को13.5फीसदी से घटाकर महज 3 फीसदी कर दिया है।पेट्रोल - डीजल व ईंधन की राजनीति के पेतरें बाजी व प्रधान मंत्री की अपील पर केन्द्र सरकार की कमान सम्भालने के लिए स्वयं केंद्रीय मंत्री हरदीपपुरी ने सम्भालते हुए कहा कि रूस यूक्रेन युद्ध की वजह से क्रूड आयल की कीमतें 19.56 डालर प्रति बैरल से बढ़कर 130 डालर प्रति बैरल तक जा पहुंची है।केंद्र ने तो अपनी जिम्मेदारी ना ली बल्कि उत्पाद शुल्क मे कमी कर निभाई है।अब राज्यों की बारी% है।केंद्रीय मंत्री ने कहा देश में कोविड महामारी के बाद भी केंद्र सरकार जनता के लिए लगातार प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा कि अब राज्यों आगे आएं और इसकी जिम्मेदारी लें।केंद्रीय मंत्री ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए बताया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में सबसे कम बढ़ोतरी हुई है।मोदी सरकार में पेट्रोल-डीजलऔर एलपीजी के दामों में सिर्फ 30 फीसदी ही बढ़ोत्तरी हुई है,जबकि केंद्र सरकार ने इसके बदले में अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि %हम अभी तक कोरोना महामारी से उबर नहीं पाए हैं।देश के 80 करोड़ लोगों को अभी भी मुफ्त में राशन दिया जा रहा है।केंद्र सरकार ने इससे बचने के लिए अभी भी वैक्सीनेशन अभियान चला रखा है।रूस यूक्रेन युद्ध की वजह से क्रूड आयल की कीमतें19.56 डालर प्रति बैरल से बढ़कर 130 डालर प्रति बैरल तक जा पहुंची हैढ्ढइसके पहले केंद्र सरकार पेट्रोल-डीजल पर 32 रुपये का एक्साइज शुल्क लेती थी,जिसमें कटौती की गई है।केंद्र सरकार ने पिछले साल दीपावली के आस-पास अपनी जिम्मेदारी लेते हुए वैट टैक्स घटाए थे।अब राज्यों को भी जनता की सेवा के लिए इस बात की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुरी ने कहा कि गैर बीजेपी शासित राज्यों में 25 फीसदी ज्यादा वैट टैक्स बसुल रही है।पुरी ने आगे कहा,भारतीय जनता पार्टी द्वारा शासित राज्यों में जितना बैट लगा रहे हैं उसका आधा वैट बीजेपी शासित राज्यों में लगाया गया है।पेट्रोल के दामों की बात करें तो बीजेपी शासित राज्यों की तुलना गैर-बीजेपी शासित राज्यों में 15-20 रुपये का अंतर दिखाई देगा।आपको बता दें कि गुरुवार को भी हरदीप सिंह पुरी ने बताया था कि विमान संचालन में देश के 40 फीसदी ईंधन का खर्च इससे पूर्व गुरुवार को भी केंद्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि विमान संचालन में 40 फीसदी खर्च ईंधन का होता है।देश के जिन राज्यों में बीजेपी का शासन नहीं है वहां पर 25 फीसदी ज्यादा वैट की वसूली की जा रही है जबकि बीजेपी जिन राज्यों में शासन कर रही है वहां पर एक फीसदी वैट टैक्स ही लिया जा रहा है।राज्य पेट्रोल-डीजल को जीएसटी की दयारे में लाने को तैयार नहीं। केंद्रीयमंत्री नेआगे कहा,मेरी समझ यह है कि केंद्र पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के तहत लाने में खुश होगा लेकिन सत्य ये है कि राज्य इसके लिए तैयार नहीं है।सच्चाई यह है कि राज्य इसके लिए तैयार नहीं हैं. राज्यों के मुख्यमंत्री पेट्रोल-डीजल और शराब के राजस्व से हत्या हत्या करने पर उतारू हैंऔर जब कर्ज बढ़ता है तो वे दूसरों को दोष देते हैं।उन्होंने इसका सबसे बड़ा उदाहरण पंजाब का दिया है।पुरी ने कहा कि हम ईरान जैसे खाड़ी देशों के करीब स्थित हैं। जहां बहुत सारा तेल है।रूस के साथ हमारे ऊर्जा संबंध हैं और हम उनस कच्चा तेल खरीदते हैं, लेकिन हमारा कुल आयात महज 0.2 फीसदी से ज्यादा का नहीं है हमेंअपने हितो को ध्यान में रखते हुए अपनी शर्तों पर तेल खरीदना होगा ।

# इंदौर की धरती पर आज़ादी के शहीदों की याद!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

ब्रिटिश हुकूमत की दो सौ साल की गुलामी यूं ही समाप्त नही हुई थी।जिन अंग्रेजों के राज में कभी सूरज नही डूबता था ,उन्ही अंग्रेजों को भारत की बागडोर रात के अंधेरे में देश के नायकों को सौंपनी पड़ी।यह सच है ,आज़ादी की लड़ाई नरम व गर्म विचारधाराओं के साथ लड़ी गई लेकिन दोनों का उद्देश्य सिर्फ ओर सिर्फ देश की आजादी था।जिसे पाने के लिए अनेक बलिदान दिए गए ,जन्मे बच्चों से लेकर युवा,प्रौढ़ और बुजुर्ग सभी आयु वर्ग के थे।इस आज़ादी और आजादी के दीवानों को याद करने के लिए पूरा देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।लेकिन क्या वास्तव में आज़ादी के दीवानों और उनके परिजनों को अब वह सम्मान मिल पा रहा है,जिसके हकदार वे है?इसी विषय पर विचार मंथन करने के लिए स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति समेत देश के 28 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठनों ने संयुक्त रूप से मध्यप्रदेश के इंदौर में 6 व 7 मई को एक राष्ट्रीय सम्मेलन आहूत किया है। जिसमे अमर शहीद भगत सिंह,सुखदेव,राजगुरु, मंगल पांडे,उधम सिंह,जगदीश प्रसाद वत्स,अशफ़ाक़ उल्ला खां, चंद्रशेखर आजाद,तात्या टोपे,सुभाष चंद्र बोस आदि के वंशज भी भाग ले रहे है,जिन्हें गौरवपूर्ण सम्मान भी दिया जाएगा।स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी इस सम्मेलन के सूत्रधार है।इस सम्मेलन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों की पीड़ा व्यक्त व्यक्त की जाएगी, साथ ही आजादी का अमृत महोत्सव के चलते भी केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा उनके परिवारों की पीड़ा को नजरअंदाज कर रही है,इस ओर भी सरकार का ध्यानाकर्षण कराया जाएगा।आज़ादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सरकार व नोकरशाही द्वारा की जा रही इस उपेक्षा और अपमान से देश भर के स्वतंत्रता सेनानी संगठन व उनसे जुड़े दो करोड़ परिवारजन आक्रोशित हैं।



इस सम्मेलन में देश के स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष का आव्हान किया जाएगा। स्वतंत्रा सेनानी उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन भोपाल के संयोजन में स्वतंत्रता सेनानी परिवार का यह राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश भर से लगभग 100 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,उनकी वीरांगनाएं, शहीदों के वंशज तथा लगभग 1000 स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी शामिल हो रहे है।इन परिवारों द्वारा कई बार भारत सरकार से मांग की गई है कि दिल्ली में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक की स्थापना की जाए, संवैधानिक संस्थाओं में सेनानी परिवारों का मनोनयन किया जाए,स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार आयोग का गठन किया जाकर उन्हें राष्ट्रीय परिवार का दर्जा दिया जाए, उन्हें आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान बनाया जाए, शैक्षणिक पाठ्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवनी शामिल की जाए किंतु अभी तक सरकार द्वारा किसी भी मांग पर सार्थक कदम नहीं उठाया गया है।

तभी तो इंदौर के इस राष्ट्रीय सम्मेलन में सभी स्वतंत्रता सेनानी संगठनों के प्रतिनिधियों की समन्वय समिति बनाकर इन मुद्दों पर राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाने की घोषणा की जाएगी।ज्वलंत मुद्दों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम से सड़कों का नामकरण के प्रस्ताव कई वर्षों से सरकारी स्तर पर धूल फांक रहे हैं ,वही आज़ादी के अमृत महोत्सव का प्रदर्शन मात्र दिखावे को किया जा रहा है, जो शर्मनाक है। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी मुरली मनोहर ने हरिद्वार के शहीद जगदीश प्रसाद वत्स की प्रतिमा तथा शहीद पार्क की दुर्दशा पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन से इन दोनों पार्कों के सौन्दर्यीकरण के लिए कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन अभी तक झूठे आश्वासन ही मिलते रहे है,जो चिन्ताजनक है।

अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स की बाबत उत्तराखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा उनकी जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल करने का आदेश दिया था,जो आजतक कारगर नही हुआ है।वही वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 9 अगस्त 2021 में हरिद्वार के सलेज फार्म में शहीद जगदीश वत्स स्वतंत्रता सेनानी सेवा सदन बनाने की घोषणा की गई थी, किंतु अभी तक नगर निगम हरिद्वार द्वारा सेवा सदन के लिए भूमि तक आवंटित नहीं की गई,वही शहीद पार्क का सौंदर्य करण का मामला अधर में लटका हुआ है।

# नया विधान: सब क्यों परेशान....?

## सूडोकु नवताल- 6061

✷✷✷✷✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकु नवताल -6060 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

**ओमप्रकाश मेहता**

अब लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी पर्याप्त बहुमत हो जाने के बाद मोदी सरकार अपने चुनावी मंसूबों को मूर्तरूप देने की ओर अग्रसर हो गई है, जिनमें मौजूदा समय में प्रमुख समान नागरिक संहिता प्रमुख है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह जहां एक ओर यह कह रहे है कि देशभर से करीब पचहत्तर हजार सुझावों के आधार पर इस नए कानून का मसौदा तैयार किया गया है तथा इसे सरकार यथाशीघ्र कानूनी दर्जा देकर देश में लागू करना चाहती है, वहीं दूसरी ओर उन्हें इस बात का भी आभास है कि इस नए कानून का व्यापक विरोध भी होगा, इसलिए वे अभी से यह भी कहने लगे है कि कम से कम भाजपा शासित राज्यों में तो इसे लागू कर ही दिया जाएगा अरे, भाई जब इस नए कानून के नाम में ही ''समान'' शब्द का उपयोग हुआ है, तो फिर यह सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में ही लागू कैसे हो सकता है? फिर क्या संसद इस नए कानून को राजनीतिक आधार पर लागू करने के लिए सहमत होगी और फिर क्या न्यायपालिका भी इस नए कानून को लेकर यह भेदभाव स्वीकार करेगी?

वैसे यदि इस पूरे प्रकरण पर गंभीर चिंतन किया जाए तो यह स्थिति स्पष्ट होती है कि फिलहाल देश में इस नए कानून को लागू करने का सही वक्त कतई नहीं है, वैसे ही देश में पिछले महीनें से साम्प्रदायिक माहौल बन गया है, धार्मिक जुलूस, कड़वे बोल और हिंसा का वातावरण बन चुका है, इसी



माहौल के चलते अखिल भारतीय मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने प्रधानमंत्री जी को एक लम्बी चैड़ी चिट्ठी लिखकर यह कानून देश के मुसलमानों पर नहीं थोपने की मांग की है, ऐसी स्थिति में यदि सरकार इस कानून को अभी लागू करने की जिद करती है तो क्या यह कानून मौजूदा साम्प्रदायिक दावानल में पेट्रोल का काम नहीं करेगा? इसलिए सरकार को पूरे देश में शांति स्थापित होने और सौहार्द्रपूर्ण माहौल के बनने तक इंतजार करना चाहिए, वैसे भी फिलहाल लोकसभा चुनाव में दो साल की अवधि शेष है ऐसे में सरकार को जल्दबाजी से बचना चाहिये। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इस नए कानून के तहत शादी, तलाक, सम्पत्ति बंटवारा और बच्चों-बुढ़ों के रखरखाव जैसे सामाजिक दायित्व एक ही कानून के दायरे में आने वाले है, ये सामाजिक रस्में फिर पूरे देश में एक जैसी होगी। वैसे इस कानून के लागू होने के बाद देश का हर वयस्क को धर्म से ऊपर उठकर हर तरह का फैसला लेने की स्वतंत्रता होगी, फिलहाल यह कानून विधि आयोग के विचाराधीन है, उसकी स्वीकृति के बाद सरकार इसे संसद में प्रस्तुत कर सकती है और संसद से पारित होने व राष्ट्रपति जी के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन जाएगा।

यद्यपि पूरा देश यह महसूस कर रहा है कि इस कानून को लागू करने में सरकार ने बहुत देरी कर दी, यह काफी पहले लागू हो जाना था, किंतु अब मौजूदा माहौल सरकार को इस बारे में जल्दबाजी करने की इजाजत नहीं देता, क्योंकि देश में आज की स्थिति में कई तरह के सामाजिक रीति रिवाज लागू है, गोवा को आजाद हुए कई साल गुजर गए किंतु वहां अभी भी पूर्तगाली कानून लागू है, ऐसा ही आदिवासियों व अन्य समुदायों के बीच भी है, खासकर मुस्लिम समुदाय तो इस कानून को किसी भी स्थिति में लागू करने को राजी नहीं होगा, क्योंकि वहां सभी सामाजिक रीति-रिवाज अन्य धर्मों से बिल्कुल अलग है।

हाँ, सरकार यदि राम मंदिर, सीएए, ट्रिप तलाक और अनुच्छेद-370 के मुद्दों के बीच ही इस नए कानून को प्राथमिकता देकर लागू करती तो ठीक था, किंतु मेरी नजर में तो मौजूदा माहौल इस कानून को लागू करने-करवाने की कतई मंजूरी नहीं देता। इस बारे में सरकार को प्राथमिकता से पुनर्विचार करना चाहिये।

# राहुल और मोदी: घटिया राजनीति

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की काठमांडो-यात्रा पर दोनों तरफ से कितनी घटिया राजनीति हो रही है। राहुल गांधी का किसी नेपाली महिला पत्रकार की शादी में जाना क्या हुआ, जैसे भारत की राजनीति में तूफान आ गया। भाजपा के कई नेताओं ने बयानों के गोले दाग दिए। एक प्रवक्ता ने लिख मारा कि राहुल गांधी उस वक्त काठमांडो के किसी नाइट क्लब में मौज-मजे कर रहे हैं जबकि मुंबई में तूफान आ रहा है। इस प्रवक्ता का इशारा ईद पर होनेवाली मुठभेड़ की तरफ रहा होगा। प्रवक्ता ने यह भी लिख दिया कि कांग्रेस पार्टी बिखरने के कगार पर है और उसका नेता नाइट क्लब में अठखेलियां कर रहा है। ऐसा लगता है कि भाजपा को कांग्रेसियों से भी ज्यादा चिंता इस बात की है कि कांग्रेस बिखर रही है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, जो राहुल के निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में थीं, उन्होंने भी चुटकी लेने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनसे जब पत्रकारों ने पूछा कि केरल सरकार केंद्र सरकार की कई योजनाओं को जान-बूझकर क्यों लागू नहीं कर रही हैं तो उन्होंने कहा कि आप लोग राहुलजी को ढूंढ सको तो उनसे पूछो कि ऐसा क्यों हो रहा है? दूसरे शब्दों में स्मृति ने भी जरा नरम शब्दों में राहुल की काठमांडो-यात्रा पर व्यंग्य कस दिया। यहां सवाल यही है कि क्या किसी विपक्षी नेता को विदेश-यात्रा करने का अधिकार नहीं है? यदि सिर्फ प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री की विदेश यात्राओं से सारे विपक्षी नेताओं की यात्राओं की तुलना करें तो इन नेताओं की यात्राएं बहुत छोटी मालूम पड़ेगीं। यह ठीक है कि विपक्षी नेताओं की यात्रा प्रायः व्यक्तिगत होती हैं लेकिन उन यात्राओं के दौरान क्या वे राष्ट्रविरोधी हरकतें करते हैं? वे राष्ट्रहित की रक्षा में उतनी ही मुस्तैदी दिखाते हैं जितने सत्तारूढ़ नेता दिखाते हैं। अटलजी के जमाने में संयुक्तराष्ट्र संघ में मेरे साथ गैर-भाजपाई नेता भी न्यूयार्क गए थे लेकिन मैंने देखा कि वे अपने भाषणों और व्यक्तिगत संवाद में सत्तारुढ़ नेताओं से भी अधिक सतर्क थे। यदि राहुल गांधी अपनी किसी नेपाली महिला मित्र की शादी में भाग लेने कांठमांडो गए तो इससे भारत-नेपाल संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगी ही। यदि राहुल की उम्र के नेता घर में ही कैद रहें तो क्या यह आदर्श स्थिति मानी जाएगी? उस महिला मित्र की मर्जी कि वह अपना विवाह समारोह किसी नाइट क्लब में मनाती है या किसी धर्मशाला में। उस पार्टी में चीन की महिला राजदूत के दिखाई पड़ने पर भी एतराज किया गया। भाजपा के प्रवक्ता चीनी राष्ट्रपति और विदेश मंत्री के साथ मोदी और जयशंकर को देखकर आपत्ति क्यों नहीं करते?

# हसदेव अरण्य (छत्तीसगढ़) की नीलामी नहीं की जाए: किसान सभा



## हसदेव जंगल को बचाने राष्ट्रीय आव्हान पर प्रधानमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**कैलारस।** देश भर से छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध हसदेव अरण्य को नीलाम नहीं किए जाने, बचाने की मांग को लेकर किसानों ने एकजुट होना शुरू किया है। इसी क्रम में हसदेव जंगल व पर्यावरण, आदिवासियों की आजीविका, संस्कृति और संविधान को बचाने के लिए राष्ट्रीय आव्हान पर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से किसान सभा ने कहा कि हसदेव अरण्य (छत्तीसगढ़) की नीलामी नहीं को रोका जावे। किसान, केंद्र सरकार व छत्तीसगढ़ सरकार से मांग कर रहे हैं कि छत्तीसगढ़ के प्रमुख अरण्य हसदेव को अडानी कंपनी सहित कॉरपोरेट को नहीं सौंपा जाए। कोल ब्लॉक की खुदाई के नाम पर, इसकी जैव विविधिता वह प्राकृतिक स्थिति को नष्ट नहीं किया जाए। यह हजारों एकड़ मैं फैला वृहद जंगल है। जिसमें बड़ी संख्या में अनुपलब्ध जीव-जंतुओं की प्रजातियां भी पल रही हैं। इसमें जैवविविधिता आज भी बरकरार है। इस क्षेत्र के ग्रामों की ग्राम सभाओं ने भी कोई प्रस्ताव अरण्य की नीलामी के लिए पारित नहीं किए हैं। सभी ग्राम और उसके रहवासी इसका विरोध कर रहे हैं। क्षेत्र के आदिवासी और गरीब किसान हजारों की संख्या में इसे बचाने के लिए महीनों से आंदोलनरत हैं। बुधवार को देशभर में किसानों ने छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ एकजुटता प्रकट करते हुए नीलामी की कार्यवाही सरकारों से नहीं करने की मांग की है। मध्य प्रदेश किसान सभा की ओर से की गई कार्य वाहियों में वरिष्ठ किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़, सियाराम सिंह, कन्हैया लाल, सुरेश चंद धाकड़ आदि ने देश भर के किसानों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए, केंद्र व छत्तीसगढ़ सरकारों से अरण्य को बचाने की मांग की है। आन्दोलनकारियों ने बताया कि आगे आने वाले दिनों में देशभर में आंदोलन तेज किए जाएंगे, जिसका निर्णय अखिल भारतीय स्तर से लिया जाएगा। किसान नेताओं ने सरकारों से अरण्य (जंगल) को बचाने के लिए अपने निर्णयों पर पुनर्विचार की अपील की है।




## राजुल ने गौसेवा कर मनाया भारतीय जैन मिलन का स्थापना दिवस

**मुरैना।** भारतीय जैन मिलन के स्थापना दिवस के अवसर पर जैन मिलन महिला राजुल द्वारा 2 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत गौसेवा करते हुए पक्षियों के लिए की दाना- पानी की व्यवस्था की व अगले दिन आमजन को गन्ने का रस पिलाया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रथम दिवस जैन मिलन महिला राजुल मुरैना एवं जैन मिलन के सहयोग से गौशाला में गायों के रखरखाव के लिए धनराशि सहायता स्वरूप दी गई। साथ ही सदस्यों द्वारा गौ पूजन तथा गायों को चारा आदि खिलाया गया। इस अवसर पर सभी बहनों ने पक्षियों के लिए सकोरे एवं पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था एवं चारे, दाने की व्यवस्था की साथ ही जैन मिलन महिला राजुल मुरैना जैन मिलन मुरैना बालिका मुरैना ने शाम को वृद्ध आश्रम में वृद्धों को स्वल्पाहार का वितरण किया। अगले दिन अक्षय तृतीया के अवसर पर जैन मिलन महिला राजुल द्वारा पानी एवं गन्ने के रस का वितरण सदर बाजार मुरैना में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजक ग्रुप वीर संजय जैन, क्षेत्रीय संयोजिका ग्रुप बी वीरांगना शिल्पी जैन, क्षेत्रीय महिला जागृति समिति चेयरमैन वीरांगना नीलम जैन, जैन मिलन महिला राजुल मुरैना की अध्यक्ष लीना जैन, मंत्री वंदना जैन, अति वीरांगना रेणु जैन, जैन मिलन मुरैना से सुनील जैन, मंत्री वीर नवनीत जैन, बालिका ग्रुप से सोनी जैन एवं किटी जैन, प्रीति जैन, रीना, सोनल, तेजेंद्र खेड़ा आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

## बच्चू लाल बने भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक

**अंबाह।** भारतीय जनता पार्टी व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बिकास बोन्द्रीय ने जारी कार्यकारिणी में मुरैना चंबल संभाग से अंबाह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष बच्चू लाल गुप्ता को शामिल करते हुए प्रदेश सह संयोजक पद पर मनोनीत किया है। श्री गुप्ता ने



अपनी नियुक्ति पर वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि व्यापार प्रकोष्ठ को व्यापारियों तक पहुंचाने के लिए वह हर संभव कार्य करेंगे। श्री गुप्ता ने कहा है कि व्यापारियों के हित के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। जल्द ही इस संबंध में एक विशाल बैठक का आयोजन किया जाएगा। श्री गुप्ता के मनोनयन पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

## आम जन को लू से बचाव हेतु आसान उपाय

**मुरैना।** वर्तमान समय में तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है, गर्म हवाएं चलने लगी हैं, जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेष शर्मा ने लू से बचने



के लिए जन सामान्य को ज्यादा समय तक घर में रहने एवं अनावश्यक बाहरना निकलने की सलाह दी है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, खाली पेट घर से बाहर न जायें, इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय आम का पना, नीबू का पानी एवं प्याज के रस का उपयोग करें। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। अगर लू के लक्षण जैसे मितली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने जैसा लगे तो तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें। सीएमएचओ ने ठन्डे वातावरण से गरम या गरम वातावरण से ठण्डे में अचानक न जाने की भी सलाह दी गई है।

# छौंदा टोल पर अनियमितताओं को लेकर शहर कांग्रेस ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**मुरैना।** नगर निगम सीमा में ग्वालियर रोड पर स्थित छोंदा टोल टैक्स पर कर्मचारियों द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टर को ज्ञापन देकर अनियमितताओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

ज्ञापन में श्री शर्मा ने कहा कि फास्टटेग प्रणाली लागू होने के उपरांत भी घंटों जाम लगा रहता है, जो कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा टोल प्लाजा संचालन के लिए जारी की गई गार्डलाइन का उल्लंघन है, क्योंकि टोल प्लाजा पर किसी वाहन के लिए 100 सेकेंड से अधिक प्रतीक्षा समय नहीं है। प्लाजा पर जो फास्टैग मशीनें लगी हुई है, वह काफी समय तक कार्य नहीं करती हैं और बूथ के अंदर बैठे कर्मचारी वाहन नंबर डालकर वाहन को निकालते हैं, जिससे टोल प्लाजा पर जाम लगा रहता है। फास्ट टैग प्रणाली को जानबूझकर निष्प्रभावी करने के पीछे अवैध वसूली ही एकमात्र उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि प्लाजा संचालकों को यह भी निर्देश जारी होनी चाहिए कि जाम या लंबी कतार लगने की स्थिति में अगर वाहनों की कतार 100 मीटर से अधिक हो जाती है तो यातायात का निर्वाह प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए 100 मीटर से अधिक प्रतीक्षारत वाहनों की कतार होने पर वाहनों को बिना टोल चुकाए गुजरने की अनुमति दी जानी चाहिए और इस को सुनिश्चित करने के लिए




प्रत्येक टोल लाइन में टोल बूथ से 100 मीटर की दूरी पर एक पीली लाइन अंकित की जानी चाहिए, जो कि नहीं है। ग्वालियर की ओर जाने पर टोल प्लाजा से निकलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक आम रास्ता मिलता है, जिसका उपयोग करने पर भी टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारी टोल वसूलते हैं, जो कि पूर्ण रूप से अवैध है और भारतीय दंड संहिता की धारा 383, 384 के तहत आपराधिक कृत्य है। इस प्रकार कांग्रेसी नेताओं ने तमाम अनियमितताओं संबंधी ज्ञापन कलेक्टर बी कार्तिकेयन को सौंपकर अनियमितताओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## ईद का पर्व मानवता के लिए दुआएं लाए ताकि हम शांति और सद्भाव के पथ पर चल सकें: फक्कड़



**सबलगढ़।** ईद के पावन मौके पर अपने मुस्लिम भाइयों को विधानसभा क्षेत्र सबलगढ़ में मुबारकबाद देने निकले भाजपा नेता संजय फक्कड़ ने क्षेत्र के ग्राम गुलपुरा में अपने मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह ईद पूरी मानवता के लिए दुआएं लाएं ताकि हम शांति और सद्भाव के रास्ते पर चल सकें। उन्होंने कहा कि ईद का दिन आनंद, चिंतन और शांति का दिन है व सबसे बढ़कर यह एक साथ जश्न मनाने का दिन है तथ भाईचारा और सद्भाव को बनाए रखने का जज्बा पैदा करने का दिन है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री संजय फक्कड़ के साथ भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी डॉ राजेश गौड़, वरिष्ठ पत्रकार राजेश माथुर, वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद त्यागी ने भी मुस्लिम भाइयों को ईद के पावन अवसर पर मुबारकबाद देते हुए उनकी सफलता और स्वस्थ जीवन की कामना की। ईद मिलन के दौरान अज्जू राजा खां, मोहम्मद अफजल रजा रामपुरी, जलील काज़ी, मोहम्मद मूसा, हमीद खां, बल्लू खां, आज़ाद खां, मोहम्मद सरफराज, अजीज़ खां, फरीद खां आदि ने भाजपा नेता का ईद के अवसर स्वागत किया।




## विप्र बंधुओ ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर वरिष्ठ जनों का किया सम्मान

**मुरैना।** भगवान विष्णु जी के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम जी के प्राकट्योत्सव दिवस सुंदरपुर स्थित भगवान परशुराम जी के मंदिर पर विप्र बंधुओ द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर मनाया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम विप्र बंधुओं द्वारा भगवान परशुराम की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना एवं आरती की गई। तत्पश्चात सामाजिक जीवन में अपनी सेवाओं के माध्यम से बिप्र समाज को गौरवान्वित करने बाले वरिष्ठ जन रामनिवास शर्मा, डॉ सत्यनारायण शर्मा, पुष्कर नारायण शर्मा, के के शर्मा, मुन्नालाल पटेल, इंजी.बनवारीलाल शर्मा का अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा



(रा) इकाई के पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र एवं भगवान परशुराम जी की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश डंडोतिया, प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेंद्र शर्मा रज्जू, जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा सिकरौदा, हरिओम शर्मा, सुरेश गुढा, सोनू शर्मा, अवदेश पाराशर, मनोज मिश्रा, अवदेश डंडोतिया, संतोष दुबे, राजू शर्मा, मनोज तिवारी, प्रवीण शर्मा, अनिल दुबे, विजय शर्मा, पवन डंडोतिया, श्यामसुंदर दंडोतिया, अमरेश पाराशर, बल्लू पंडित, अनिल शर्मा सहित विप्रजन उपस्थित रहे।

# भारतीय जैन मिलन के 57वें स्थापना दिवस पर हुए तीन दिवसीय आयोजन

**मुरैना।** भारतीय जैन मिलन के 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर जैन मिलन महिला मुरैना द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें जैन मिलन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के सहयोग से अनेकों प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजित कार्यक्रम में एक मई को आचार्य ज्ञान सागर महाराज जी के अवतरण दिवस पर और श्रमिक दिवस पर ठंडा मीठा शर्बत और श्रमिक महिलाओं को साड़ी कावितरण किया गया। अगले दिन 2 मई भारतीय जैन मिलन के 57वें स्थापना दिवस पर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई, इसके साथ ही समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी करन सिंह जैन एडवोकेट और लोहिया बाजार मन्दिर के वरिष्ठ



पदाधिकारी नेमीचन्द बर्तन वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस 3 मई अक्षय तृतीया पर्व पर अभ्युदय आश्रम जाकर बाल बालिकाओं को फल, जूस, बिस्कुट, नमकीन, कपड़े वितरण किऐ। इस दौरान जैन मिलन महिला अध्यक्ष बबिता जैन ने अपना जन्मदिन भी बच्चों के साथ मनाया। तीन दिवसीय आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय संयोजिका भावना जैन, ग्रुप के संयोजक संजय जैन, क्षेत्रीय चेयरपर्सन सरिता जैन, जैन मिलन पुरुष वर्ग के अध्यक्ष नवनीत जैन, लोहिया बाजार मन्दिर के अध्यक्ष विनोद जैन, बड़े मन्दिर के पूर्व मंत्री पंकज जैन, महेन्द्र जैन, जैन मिलन महिला अध्यक्ष बबिता जैन, सचिव राखी जैन, कोषाध्यक्ष शीतल जैन, संगीता जैन, रेखा जैन, प्रिर्ति जैन, पारुल जैन, कल्पना जैन, श्वेता जैन, सीमा जैन, प्रिति जैन, बबिता जैन, शुभी जैन आदि सहित सभी सदस्य उपस्थिति रहे।

# सिरोल गांव पर भूमाफियाओं और प्रशासन की मकान तोड़ने की करवाई के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया संभागीय कमिश्नर का घेराव





**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** आमआदमी पार्टी ने सिरोल रोड स्थित नई बस्ती के रहवासियों और बाबा साहब अंबेटकर जी पार्क को तोड़े जाने के तहसीलदार के आए नोटिस के खिलाफ नई बस्ती के रहवासियों के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष मनीक्षा सिंह तोमर,जिलाध्यक्ष भूपेंद्र कराना,संभागीय अध्यक्ष रोहित गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आज ग्वालियर संभागीय कमिश्नर ऑफिस का घेराव,प्रदर्शन कर ग्वालियर कमिश्नर को ज्ञापन सोपा और ज्ञापन के माध्यम से 7 सूत्रीय बिंदुओं की मांग की कि जिसमे प्रमुख रूप से मांग सिरौल रोड पर स्थित शासकीय चरनोई की 22 बीघा से अधिक भूमि है भूमि सर्वे क्रमांक 433/1 जिस पर वहां के नई बस्ती के सैकडो गरीब दलित परिवार जो कई दसको से रह रहे है जिन्हें शासन ने पट्टा दिया था उन्हे निर्वाद रूप से रहने दिया जाए, दूसरी मांग कि वो 22 बीघा सरकारी भूमि थी वो किस तरह राजस्व दस्तावेजों में शहर के बड़े भूमाफियाओं मेसर्स सूर्या दवलाबर्श और उसके पार्टनर विकाश उपाध्याय के नाम दर्ज हो गई इसकी ह्यद्वह्ल बना के पूरी निष्पक्षता जांच की मांग एवं भूमाफियाओं के साथ प्रशासन के जो भी अधिकारी जिनकी संलिप्तता इस पूरे प्रकरण में पाई जाए उन सभी पर कानून सम्मत करवाई हो, और मांग की कि सीरोल रोड नई बस्ती के रहवासियों और रकवा नंबर 433/1 में अंबेडकर पार्क को तोड़ने के आए नोटिस को तुरंत वापस लेने और वहां गरीब दलित परिवारों को पुनः पट्टा देकर उनको ससम्मान से जीने के अधिकार की मांग की।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अधिवक्ता अमित शर्मा एवं भानु सिंह परिहार ने मीडिया को बताया कि भाजपा का गरीब,दलित,मजदूर,बाबा साहब अम्बेडकर विरोधी चेहरा एक बार फिर से बेनकाब हुआ हैं पूरे शहर में जिस तरह से भूमाफिया और भाजपा नेताओं, मंत्रियों की साठगाठ से सरकारी जमीनों पर कब्जा, गरीबों पर बुलडोजर करवाई के नाम पर डराना,सरकार प्रशासन से मिलकर बड़े भ्रष्टाचार के खेल सरकार कई नेता,मंत्री,अधिकारी लिप्त है बड़े भ्रष्टाचार के दम पर दसको से सरकारी जमीन जिस पर सरकार द्वारा पूर्व में इन गरीब,दलित,मजदूरी करने वाले परिवारों को पट्टे प्रदान किए गए थे वो पट्टे समाप्त और सरकारी जमीन राजस्व अभिलेखों में केसे मेसर्श सूर्या डबललबर्ष और उसके पार्टनर विकाश उपाध्याय के नाम चढ़ जाती और प्रशासन शासन सब मौन बने हुए, जिन नई बस्ती को तोड़ने का भू राजस्व साहिता धारा 250 का नोटिस तहसीलदार द्वारा 104 घरों को भेजा गया हैं उसमे से 97 परिवार जाटव समाज के गरीब मजदूरी करने वाले परिवार रहते हैं उन्ही 104 घरों के नोटिस में एक नोटिस बाबा साहब पार्क जिसका रकवा नंबर 433 हैं जो कि सरकारी भूमि पर बना जहा कॉलोनी के बच्चे,महिलाए, कॉलोनी के लोग और पूरे देश और दलित समाज की आस्था बाबा साहब अंबेटकर जी में उनके पार्क को मूर्ति सहित तोड़ने की तैयारी जो बीजेपी शिवराज सरकार प्रशासन कर रहा हैं उससे बीजेपी के दलित,गरीब,मजदूर विरोधी होने का चेहरा तो सामने आ ही रहा है साथी शहर का जातिगत तानाबाना खराब कर बीजेपी शहर का माहोल खराब कर एक बार फिर शहर का वातावरण खराब करना चाहती हैं आम आदमी पार्टी ने आज ग्वालियर प्रशासन से,बीजेपी के मंत्रियों,और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से ग्वालियर कमिश्नर के माध्यम से ये मांग करती हैं कि इस पूरे प्रकरण जिसमें इन गरीब लोगो को पट्टे थे,ये 22 बीघा सरकारी जमीन जिसपर सैकडो परिवार रह रहें है ये केसे राजस्व अभिलेखों में मेसर्स सूर्या बिल्डर और उसके पार्टनर विकाश उपाध्याय के नाम चढ़ गई इस करोड़ों अरबों रुपए की सरकारी जमीन के खुरबुर्द के खेल में कोन कोन शामिल ये बिना नेताओ के शर्रक्षण के बिना संभव नहीं इस भ्रष्टाचार के खेल में जो मगरमच्छ लिप्त है उन सब पर करवाई हो साथ ही, जिन परिवारों को घर तोड़ने के नोटिस प्रशासन द्वारा भेजे गए हैं उन्हें तत्काल वापस लिया जाए और अगर ये नही हुआ तो आम आदमी पार्टी ग्वालियर सहित पूरे प्रदेश में बड़ा आंदोलन कर शिवराज की बीजेपी सरकार का दलित विरोधी चेहरा बेनकाब का करेगी आम आदमी पार्टी पूरी तरह इन गरीब दलित परिवारों के साथ डट के खड़ी रहेगी, आज के ज्ञापन में मुख्यता प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधान सभा की पूर्व प्रत्याशी मनीक्षा तोमर, प्रदेश प्रवक्ता अमित शर्मा,प्रदेश प्रवक्ता भानु परिहार,संभागीय अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष भूपेंद्र कराना,संभागीय अध्यक्ष अधिवक्ता रोहित गुप्ता,संभागीय संगठन मंत्री कुलदीप बाथम,संभागीय उपाध्यक्ष बीबी जोशी,संभागीय सचिव पवन चोपड़ा,युवा जॉन प्रभारी हिमांशु चौहान,दतिया जिला प्रभारी शैलेंद्र भदौरिया,ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनीश खान,महिला जिलाध्यक्ष नेहा घाटके,यूथ संभागीय उपाध्यक्ष कृष्ण कुशवाह,जिला सचिव अशीष राय,यूथ जिलाध्यक्ष दीपक चोखतिया,जिला उपाध्यक्ष यतेंद्र राठौर,महिला जिलाध्यक्ष सलमा खान,पूर्व विधान सभा प्रभारी गौरव सक्सेना,ग्वालियर विधान सभा प्रभारी सतीश राय,दक्षिण विधान सभा प्रभारी करन सिंह,रंजन बाजोरिया,ब्लॉक अध्यक्ष शिशुपाल यादव,ब्लॉक अध्यक्ष,हमीद खान,ब्लॉक अध्यक्ष अशोक वाधवानी,सूरज कुशवाह, सररक्षण मंडल रूप चंद्र जैन, आर के जैन, ओपी अभिमन्यु, कुशवाह अंकल, हर्षित गुर्जर नीलेश,एवं सैकडो की संख्या में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।।

## पुलिस थाना पहाड़गढ के द्वारा अवैध शराब का परिवहन करते हुए कार मय 13 पेटी देशी मदिरा के साथ की जप्त।



**गौरब शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**मुरैना।** सूचना मिली थी कि खुरजान व नाडियापुरा के बीच रास्ते में एक सफेद रंग की कार से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है सउनि राकेश भास्कर व उनकी टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर देखा तो एक व्यक्ति गाड़ी में से शराब की पेटियों उतार रहा था जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पकड़ने का प्रयास किया तो जंगल में कार को छोड़कर भाग गया बाद सफेद रंग की टोयोटा अर्बन कूजर कार को चैक किया तो उसके अंदर 13 पेटी अवैध देशी शराब क्वाटर की मिली शराब की कीमत 61000 रुपये व कार की कीमत 11 लाख रूपये कुल मसरूका 1161000 रूपये का जप्त किया बाद अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पहाड़गढ़ उनि धर्मेन्द्र सिंह गौर, सउनि राकेश भास्कर, सउनि घमण्डीसिंह प्र.आर.देवेन्द्र बघेल, प्र. आर.रविन्द्र दुवे, प्र.आर. भैरोंसिंह,आर.संजीव जाट,आर.अर्जुन जाट,आर.अजीत जाट,आर.सुमित भदौरिया, आर.कुलदीपसिंह,आर.चा.उदयपाल की सराहनीय भूमिका रही

## भगवानजी सेप्टा परिवार ने ओमकारेश्वर मंदिर निर्माण के लिए दिया सहयोग



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा**

**मध्यप्रदेश**–भारतीय सीरवी समाज ट्रस्ट ओमकारेश्वर में बड़वानी के भामाशाह भगवानजी मुकाती जड़ी बूटी परिवार ने स्व. रुखमा बाई सेप्टा पति स्व.भानाजी सेप्टा दादा ,दादी स्व.बाली बाई गेहलोद पति स्व. नाथाजी गेहलोद , झुमा बाई पति स्व.कानाजी सेप्टा की स्मृति में माया मुकाती पति भगवानजी मुकाती पुत्र ईश्वर भगवानजी मुकाती पुत्री सलोनी भगवान मुकाती सेप्टा परिवार की और से धर्मशाला निर्माण में दो कमरे की राशी ?442000 और आई माता जी की मूर्ति दान स्वरूप सप्रेम भेंट किये । और उज्जैन ट्रस्ट में भोजनशाला के लिए एक लाख रूपये सप्रेम भेंट किये ।इस मौके पर हरि सिंह पटेल उपाध्यक्ष उज्जैन ट्रस्ट, कैलाश बर्फा इंजीनियर बड़वाह,राधेश्याम पटेल उपाध्यक्ष अखिल भारतीय महासभा,डोगर सिंह खंडाला केंद्रीय समिति सदस्य मन्नालाल हेंचा कोषाध्यक्ष ओमकारेश्वर ट्रस्ट जितेंद्र पटेल बड़वाह तहसील अध्यक्ष विकास मोगरे स्वास्थ्य सचिव बड़वाह रमेश बर्फ़ा तहसील सचिव सुनील हम्मड कोषाध्यक्ष एवं सामाजिक गणमान्य उपस्थित थे ।अखिल भारतीय सीरवी क्षत्रिय समाज ट्रस्ट न्यास ओमकारेश्वर एवं उज्जैन ट्रस्ट की ओर से भगवान सेप्टा को बधाई एवं धन्यवाद देकर अभार जताया ।अध्यक्ष ओमकारेश्वर ट्रस्ट केसर सिंह हम्मडअध्यक्ष उज्जैन ट्रस्ट रामलाल सेंणचा मीडिया प्रभारी संजय गेहलोद ने सेप्पा परिवार का आभार व्यक्त किया ।

## बाघ संरक्षण एवं ग्रामीण विकास समिति स. मा. के तत्वाधान में मिशन बीट प्लास्टिक रणथम्भोर अभियान



**ब्यूरो चीफ जितेंद्र सिंह पुष्पांजलीं टुडे**

**राजस्थान** । के तहत रणथम्भोर नेशनल पार्क परिक्षेत्र में स्थित विश्व विख्यात त्रिनेत्र गणेश मंदिर परिक्रमाङ्कमार्ग में जाने वाले श्रद्धालुओं को कपड़े के बैग वितरित किए तथा पॉलीथिन कैरी बैग का बहिष्कार करने की अपील की साथ ही प्लास्टिक व पॉलीथिन के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक भी किया संस्था के द्वारा पिछले ढाई वर्ष से हर महीने गणेश चतुर्थी के दिन जोगी महल गेट पर आने वाले श्रद्धालुओं को कपड़े के बैग वितरित किए जाते हैं तथा लोगों को प्लास्टिक व पॉलीथिन से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जाता है अभियान के माध्यम से हमारी संस्था लगातार रणथंभौर परिक्षेत्र को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के लिए धरातल पर कार्य कर रही है जिसके तहत हर सप्ताह एक स्थान तय कर रणथंभौर परिक्षेत्र के पर्यटन स्थलों , मंदिरों आदि जगहों पर साफ सफाई की जाती है व हर सप्ताह बुधवार व शुक्रवार के दिन रणथंबोर से सटे गांवो में जाकर गांववासियों को कपड़े के बैग वितरित कर प्लास्टिक व पॉलीथिन से होने वाले नुकसान के प्रति जानकारी देकर जागरूक किया जाता है ताकि रणथंभौर , वन्यजीवों व पर्यावरण को प्लास्टिक पॉलिथीन से किसी प्रकार का नुकसान ना हो इस अवसर पर वन विभाग की जोगीमहल फोरेस्टर श्रीमती रामसिया बैरवा जी , श्रीमती काली मीना जी , धारासिंह गुर्जर जी खेमसिंह जी रामहेत जी व संस्था के सदस्य विष्णु सैनी , अरविंद कुमार बैरवा , दिलखुश कुतलपुरा व रूप सिंह मीणा आदि मौजूद !

## बंसल हॉस्पिटल प्रबंधन पर तत्काल दर्ज हो एफ.आई.आर: कुँ. सरदार सिंह गुर्जर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सीटू गुर्जर**



**मेहगांव न्यूज**

विगत दिन भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार गोविंद गुर्जर के साथ बंसल हॉस्पिटल के गार्डो द्वारा जो मारपीट का घटनाक्रम हुआ वह बेहद निंदनीय है उक्त घटना से देश के चौथे स्तंभमीडिया जगत को बेहद ठेस पहुंची है एक ओर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्रकारों के सम्मान की बात करते हैं वहीं दूसरी ओर राजधानी भोपाल में टाइम नाउ न्यूज़ चैनल के वरिष्ठ पत्रकार गोविंद गुर्जर के साथ जो मारपीट की गई है उसका सोशल मीडिया पर वीडियो जमकर वायरल हो रहा है उससे शिवराज सिंह चौहान के साथ साथ उनके ढुलमुल रवैए पर भी प्रश्न चिन्ह लगा है, उक्त बात प्रेस को विज्ञप्ति जारी करते हुए अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता कु. सरदार सिंह गुर्जर ने कही। उन्होंने कहा कि बंसल हॉंस्पीटल प्रबंधन पर तत्काल एफ आई आर दर्ज की जावे और उक्त कृत्य में जितने भी लोग लिप्त थे जिनके द्वारा मारपीट की गई थी उन सब के ऊपर भी एफ.आई.आर. हो ताकि भविष्य मे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो, अगर एफ आई आर दर्ज नहीं हुई तो अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा एवं मध्य प्रदेश का समस्त गुर्जर समाज पूरे प्रदेश में जन आंदोलन करेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

## पुलिस थाना पिछोर ने जुआरी पति को गिरफ्तार किया पत्नी से जुआ खेलने के लिए मांग रहा था रुपए नहीं देने पर पत्नी की मारपीट करदी



**राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,**खबर पिछोर अनु विभाग ग्राम वनोटा से है जहां पर जुआ खेलने के लिए पत्नी से मांग रहा था रुपए नहीं देने पर पत्नी की कर दी मारपीट पत्नी दुखी होकर थाना पिछोर पहुंची जहां पर आज दिनांक /4/22 को जूली लोधी निवासी वनोटा पिछोर ने थाना पिछोर में रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसके चलते पिछोर थाना पुलिस सशक्त कार्रवाई करते हुए ज्वारी पति को गिरफ्तार किया पत्नी से जुआ खेलने के लिए मांग रहा था रुपए पति कई वर्ष से पहले से ही जुआ खेल रहा है खेलने के लिए रुपए मांग रहा है व कह रहा है कि तुम अपने नाम की खेती भेज कर मुझे जुआ खेलने के लिए रुपए दो पत्नी ने खेत बेचने व रुपए देने से साफ मना कर दिया तो भरत लोधी उसकी मारपीट करने लगा साथ ही कई दिनों से कह रहा था पत्नी ने कहा मुझे पति से बचा लो तत्काल पुलिस थाना पिछोर टीम ने भरत लोधी को उसके घर ग्राम वनोटा से दबोच कर धारा 151 जाब्ता फौजी दारी में गिरफ्तार किया साथ ही भरत लोधी ने बताया कि मुझे कई वर्ष पहले से जुआ खेलने की लत लग गई है जुआ मैं कभी भी जीता नहीं हूं बल्कि लाखों रुपए हार गया हूं व जुआ खेलने चंदेरी अशोकनगर खनियाधाना व झांसी तक जाता हूं जुआ खेलने से कभी भी हो गया है आरोपी को एसडीएम जेपी गुप्ता के समक्ष पेश किया गया भरत लोधी को यदि पुलिस द्वारा तत्काल गिरफ्तार नहीं किया जाता तो वह पत्नी के साथ कर सकता था बड़ी वारदात थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में आरोपी भरत लोधी को गिरफ्तार करने मुख्य भूमिका एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान जहान सिंह प्रधान आरक्षक दीपक सिंह चौहान व आरक्षक राघवेंद्र पाल की मुख्य भूमिका रही।

# पानी के कुप्रबंधन पर सांसद चौधरी ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को लगाई लताड़



**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान**

**पाली।** ''केवल कागजों में पानी के प्रबंधन दिखाने से कुछ नहीं होगा। पानी को लेकर बनाई गई आपकी कोई भी योजना धरातल पर मूर्त रूप नहीं ले पाई है। मैंने पिछले 8 माह में दिशा बैठक से लेकर अन्य बैठकों में भी आप लोगों को पानी के समुचित प्रबंधन पर ठोस योजना के साथ काम करने को हर बार कहता रहा। लेकिन ना तो राज्य सरकार और ना ही आप लोगों के कानों में जू तक रेंगी। राज्य सरकार के पक्षपातपूर्ण रवैए के कारण ही पाली जिले की जनता पिछले 4 माह से पानी के लिए त्राहिमाम्-त्राहिमाम् कर रही है। जिले में उपजे इस जल संकट का खामियाजा, पूर्ण रूप से जिम्मेदार राज्य सरकार और आप लोगों को ही भुगतना होगा, इस बात को गांठ बांध कर रख लें।''

पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी ने बुधवार को कलेक्टर सभागार में जलदाय अधिकारियों के साथ बैठक में जल संकट पर राज्य सरकार को जमकर कोसा। जिले के शहर सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 120 घंटे मे जलापूर्ति तथा कई क्षेत्रों में जलापूर्ति नहीं मिल पाने को लेकर नाराजगी जताते हुए सांसद चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार व आप लोगों की कार्यशैली से स्पष्ट लग रहा है कि कब मानसून आए? जलदाय विभाग से जुड़ा हर अधिकारी व कर्मचारी कहता रहता है कि पाली में पानी की कोई कमी नहीं है। लेकिन प्रतिदिन मुझे पानी की किल्लत को लेकर पूरे पाली जिले से सैकड़ों फोन आते हैं। फिर कौन सही है? आप या जनता। सांसद के इस प्रश्न का जवाब बैठक में मौजूद किसी भी अधिकारी नहीं दिया।

**जल संकट का त्वरित हो निदान-** सांसद चौधरी ने बैठक में मौजूद जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया वे पाली के पानी संकट को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करें। सांसद ने बताया कि पाली ने जोधपुर की वर्षों तक प्यास बुझाई है, अब जबकि पाली पानी के संकट से जुझ रहा है तब राज्य सरकार का दायित्व बनता है कि वह जोधपुर से पाली तक नई पाइप लाइन बिछाकर पाली में एक पानी के जंक्शन का निर्माण करें ताकि भविष्य में ऐसी विकट स्थिति पैदा ना हा सकें। वहीं बैठक में अधीक्षण अभियंता मनीष माथुर ने बताया कि पाली को विभिन्न स्रोतों से 24 एमएलडी पानी की आपूर्ति हो रही है। सांसद चौधरी ने कहा कि इससे तो केवल आधे पाली की प्यास ही बुझ पाती है। आप तो विभिन्न योजना मद से नए कंटीजेंसी प्लान बनाने के साथ ही जिले के प्राचीन स्रोतों के जल को पीने योग्य बनाकर उनका भी उपयोग करें। इस पर माथुर ने कहा कि डीएमएफटी और एसडीआरफ फंड व अन्य योजना मद से कार्य स्वीकृत कर दिए गए है। सासंद ने जिले की पांच विधानसभाओं में खराब पड़े हैंडपंप को सही जल्द ठीक करने के साथ ही नए हैण्डपंप व बोरवेल करवाए जाने को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं सांसद ने जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में हो रही देरी को लेकर भी काफी नाराजगी जताई।

**रोहट की स्थिति अति सोचनीय-** सांसद चौधरी ने रोहट क्षेत्र में जलापूर्ति की विकट समस्या का विडियो बैठक में दिखाते हुए सरकार एवं जलदाय विभाग के प्रति अपना गहरा रोष प्रकट किया। सांसद ने कहा कि मैंने पिछले सितम्बर माह से कुड़ी हौद से रोहट व रोहट से पाली तक नई पाइप डालने का आग्रह राज्य सरकार व जलदाय विभाग को बार-बार आग्रह करता रहा। लेकिन मेरी एक भी नहीं सुनी गई। वहीं ठीक हो रही पाइप लाइन से पानी जलापूर्ति के बारे में पूछने पर माथुर ने बताया कि इस माह तक क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को ठीक कर जलापूर्ति आरंभ हो जाएगी। सांसद चौधरी ने बैठक में मौजूद भाजपा जिला महामंत्री सुनील भण्डारी को भामाशाहों के माध्यम से रोहट के सभी गांवों में ग्रामीणों व पशुधन के लिए टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति हेतु प्रेरित किया।

**राज्य सरकार पूर्णतया फेल-** बैठक के बाद सांसद चौधरी ने पाली में आयोजित प्रेस वार्ता में पाली जिले में पानी की उपलब्धता हेतु विभिन्न कंटीजेंसी मदों के तहत खर्च की जा रही 128 करोड़ रू. की बड़ी राशि का सदुपयोग नहीं हो पाया है। राज्य सरकार की अदूरदर्शिता का परिणाम ही है कि आज इतनी बड़ी राशि के उपलब्ध होने के बाद भी जिले का हर शहर, गांव व ढाणी पानी के लिए तरस रही हैं। साथ ही पूरे प्रदेश में जल एवं बिजली का घोर संकट बना हुआ है। कानून व्यवस्था का खैर नामों-निशान भी नहीं है। आए दिन हत्याएं, लूटपाट, बलात्कार एवं धार्मिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली घटनाएं हो रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री आए दिन मीडिया में मोदी जी, भाजपा और विशेष रूप से सांसदों को बदनाम करते रहते हैं। प्रदेश को संभालने का जिम्मा मुख्यमंत्री और उसकी सरकार पास होता है। ऐसे में प्रदेश के आमजन के हित से जुड़ी हर समस्या को सुलझाने की जिम्मेदारी इस कांग्रेस सरकार की है। लेकिन इनकी शैली तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली है। सांसद चौधरी ने प्रेस के माध्यम से हाल ही में जोधपुर में हुए दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम पर अपना खेद व्यक्त कर सभी से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। वहीं राज्य सरकार, दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावर्ति ना हों।

बैठक में सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत, सोजत विधायक शोभा चौहान, जिला प्रमुख श्रीमती रश्मिसिंह, नगर परिषद सभापति श्रीमती रेखा राकेश भाटी, सोजत नगरपालिकाध्यक्ष श्रीमती मंजू जुगल निकुम्ब, सुमेरपुर नगरपालिकाध्यक्ष श्रीमती उषा कंवर राठौड, अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रभान सिंह एवं समस्त प्रधानगण और जलदाय विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।



## क्रांतिकारी संत बसवेश्वरा मानव जाति के लिए प्रेरणा है: महेंद्र मुणोत

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर** – बुधवार को भारतीय धार्मिक हागु कार्मिकर हित रक्षण वेदिके द्वारा बसावा जयंती के उपलक्ष्य में राजा राजेश्वरी नगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मारूति मेडिकल के प्रमुख महेंद्र मुणोत ने जनसमूह को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा क्रांतिकारी संत बसावेश्वरा मानव जाति के लिए प्रेरणा है हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन का आदर्श बनाना है। इस अवसर पर बड़ी सख्या में महिलाएं उपस्थित थी

## रुपावास में अक्षय तृतीय बाल बालिकाओं ने दूल्हा दुल्हन का चरित्र धारण रूप कर मनाया



**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान**

**पाली ।** रूपवास गांव में अक्षय तृतीय अबुज शुभ सावा होने के कारण परंपरा वेशभूषा रीति रिवाज पर बाल बालिकाओं हार्दिक पटेल एवं हित्तवी पटेल ने दूल्हा दुल्हन का चरित्र धारण रूप कर गांव में हर मोहल्ले की गली घर घर मैं जाकर आई आखा तीज गीत की मधुर धुन की बारातियों के साथ महिलाएं व पुरुष बुजुर्ग लोगों का शीर्ष नमन कर आशीर्वाद लेकर अन्नदान धनराशि और वस्त्र अन्य चीजें प्राप्त कर मनाया गया इस मौके पर भाजपा जिला सहसंयोजक पायल पटेल गुंदोज मंडल महिला मोर्चा उपाध्यक्ष नाजू देवी आंजना पूरन पटेल चोथारम नरसिंह राम भरत आंजना ढलाराम चेनाराम नेमाराम भाटी प्रकाश राठौड़ ओगड़ राम सहित कई लोग मौजूद रहे।

## वाघा बॉर्डर की सैर के लिए 200 लाड़ली लक्ष्मी रवाना

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की 200 लाडली वाघा बॉर्डर की सैर करेंगी. बच्चियों का ये जत्था आज भोपाल से रवाना हो गया. सैर सपाटे के दौरान इनकी रखवाली स्पेशल-6 टीम करेगी. लाडलियां एक हफ्ते तक सैर करेंगी. सरकार ने अपने खर्च पर इन्हें भेजा है। मध्यप्रदेश में मां तुझे प्रणाम योजना के तहत करीब 200 लाडली वाघा बॉर्डर की सैर के लिए रवाना हुई। वैसे तो लाडलियो के लिए यह आयोजन बेहद खास है लेकिन उससे भी खास बात यह है कि जिस वक्त ये सभी वाघा बॉर्डर पर सैर कर रही होंगी उस वक्त उनकी रखवाली इनके साथ गयी स्पेशल-6 टीम करेगी. यह टीम भोपाल से पठानकोट एक्सप्रेस में सभी लाडलियो के साथ ही रवाना हुई है।

## मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के लिए टैलेंट सर्च कल से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी भोपाल के रायफल, पिस्टल और शॉटगन विधा के लिए टैलेंट सर्च 5 से 17 मई तक होगा। अकादमी के प्रशिक्षक चिन्हित ज़िलों में अलग-अलग समय और तारीख़ पर जाकर प्रतिभा चयन करेंगे। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के टैलेंट सर्च में 13 से 16 वर्ष के बालक और बालिकाएँ सम्मिलित हो सकते हैं। प्रशिक्षकों द्वारा टैलेंट सर्च में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शूटिंग अकादमी की तीनों विधाओं के सम्बंध में सभी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। साथ ही शूटिंग के वीडियो और वेपन हैंडल करने के तरीक़े सिखाए जाएँगे, जिससे खिलाड़ियों में शूटिंग के प्रति रुझान बढ़े और ज़्यादा से ज़्यादा खिलाड़ी शूटिंग में हिस्सा लें।

## सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में राष्ट्रव्यापी पेंशन अदालत कल

**भोपाल।** चार राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त पेंशन भोगी एवं पारिवारिक पेंशन भोगियों की पेंशन संबंधी शिकायत एवं उनके निवारण के लिये एक राष्ट्रव्यापी पेंशन अदालत 5 मई को सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर जिला ग्वालियर में लगेगी।राष्ट्रव्यापी पेंशन अदालत में दिनेश कुमार शर्मा उप कमाण्डेंट सीमा सुरक्षा बल अकादमी को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### कैबिनेट में नई पॉलिसी लाकर किया जाएगा तबादला

# प्रदेश में 15 मई से तबादलों पर से हटेगा प्रतिबंध

**भोपाल।** प्रदेश में जल्द ही तबादलों पर से प्रतिबंध हटेंगे। प्रतिबंध हटाने से पहले सरकार कैबिनेट में नहीं तबादला नीति लाने वाली है। इस नीति में कई ऐसे प्रावधान हैं तो तबादलों को पारदर्शी बनाएंगे। जानकारी के अनुसार तबादला नीति में सबसे पहले अनुसूचित क्षेत्रों में रिक्त पदों की पूर्ति करने ट्रांसफर होंगे। अनुसूचित क्षेत्रों में शत प्रतिशत पदों की पूर्ति होने के बाद गैर अनुसूचित क्षेत्रों में खाली पदों को भरा जाएगा।
मंत्रालयीन सूत्रों के अनुसार प्रदेश में संभवत- 15 मई से 15 जून के बीच कर्मचारियों के स्थानांतरण किए जा सकेंगे। वर्ष 2022-23 की तबादला नीति अगली कैबिनेट में आने की संभावना है। जीएडी द्वारा तैयार किए गए मसौदे के तहत बड़े विभागों में 5 फीसदी ही तबादले किए जा सकेंगे। सबसे पहले गंभीर अनियमितताओं और लापरवाही में दोषी कर्मचारियों को हटाया जाएगा।

## लापरवाह अधिकारियों-कर्मचारियों पर गिरेगी

सूत्रों जानकारी के अनुसार नई तबादला नीति में शासकीय सेवक के खिलाफ अत्यंत गंभीर शिकायत, अनियमितता और गंभीर लापरवाही में दोषी पाए जाने पर उन्हें हटाया जाएगा। इनमें कुछ जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, डीएसपी, एसडीएम आदि के नाम शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो इस मामले में सीएम निर्देश दे चुके हैं कि लापरवाही करने वालों को बख्शें नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पिछले दिनों दिल्ली में बुलाई मप्र भाजपा कोर कमेटी की बैठक में कुछ अफसरों की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी दर्ज कराई थीं। ऐसे अफसरों को भी सरकार फील्ड से हटाकर मुख्यालय अथवा लूपलाइन में भेज सकती हैं। इनमें कुछ बड़े अफसरों के नाम भी शामिल बताए जाते हैं।

**सीएम दे चुके हैं निर्देश लापरवाहों को बख्शें नहीं**

### दर्जनभर कलेक्टर एसपी बदले जाएंगे

सूत्रों की मानें तो करीब एक दर्जन जिला के कलेक्टर तथा एक दर्जन जिलों में एसपी भी बदले जा सकते हैं करीब आधा दर्जन कलेक्टरों को लेकर तो सीएम भी नाराजगी जता चुके हैं इन अफसरों की परफॉर्मेंस पुअर मानी गई है इनमें निवाड़ी झाबुआ उमरिया भिंड सीधी जिले शामिल हैं डीएसपी स्तर के अधिकारियों के स्थानांतरण तबादला बोर्ड से किए जाएंगे।

## छोटे विभागों में 20 प्रतिशत तबादले

नीति में जिन विभागों में 2 हजार से ज्यादा अधिकारी और कर्मचारी पदस्थ हैं, जैसे गृह, वन, स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य, उच्च शिक्षा आदि में 5 प्रतिशत ही कर्मचारियों के स्थानांतरण होंगे और जिन विभागों में 200 से लेकर 2 हजार तक कर्मचारी हैं, उनमें 10 प्रतिशत तथा जिन विभागों में मात्र 200 तक कर्मचारी हैं, उनमें 20 प्रतिशत तबादले हो सकेंगे। सरकारी विभागों में 5.72 लाख से ज्यादा कर्मचारी-अधिकारी कार्यरत हैं। इस हिसाब से करीब 40 से 50 हजार कर्मचारियों के ट्रांसफर होने की उम्मीद है। इनमें तीन साल से अधिक समय से एक ही जगह पर पदस्थ अधिकारियों को भी बदला जाएगा। जीएडी ने वर्ष 2022-23 की तबादला नीति का मसौदा तैयार कर लिया है। इसे सीएम के पास पुन- भेजकर फिर कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाएगा।

### मुरैना एसपी आसुतौष बागरी ने किये गुण्डे मबाली माफियो के हौसले पस्त जिला छोड भागे...

# ईनामी डकैत पुलिस की गिरफ्त में ग्राम स्याही की टेक में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला सहयोगी पुलिस ने किया गिरफ्तार...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**मुरैना** ... एसपी आसुतोष बागरी ने महज 60 दिन में गुण्डे मबालियो के होसले पस्त कर दिये अबैध शराब गॉजा अफीम नाम बस्तुऐ लुप्त होती नजर आरही है मुरैना साहलग में पहली बार जाम मुक्त हुआ है यू दैखा जाये तो दुकानदार रोड पर अतिक्रमण धारियो को अपनी सूज बूझ से अतिक्रमण मुक्त कराया है दूसरा दिनांक 26-27/04 / 2022 की दरमियानी रात को फरियादी गोपाल गुर्जर पुत्र हरिविलास नि. ग्राम स्याही की टेक के घर डकैत कल्ली गुर्जर व उसके साथियों द्वारा अपराध घटित किया गया था जिसपर से थाना पहाड़गढ पर अपराध क्र. 59/22 पंजीबद्ध किया गया था





घटना की गम्भीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम का गठन किया गया था जिसमें थाना कैलारस थाना रामपुर थाना सिविल लाइन सायबर सैल की टीम का गठन किया गया था। आज दिनांक 04.05.22 को मुखबिर की सूचना पर से 10 हजार के इनामी आरोपी को चांचुल के जंगल से गिरफ्तार किया गया है।



उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कैलारस निरी.वेदेन्द्र सिंह कुशवाह व उनकी टीम थाना प्रभारी पहाडगढ उनि. धर्मेन्द्र सिह गौर, उनि. सचिन पटेल (सायबर सैल प्रभारी) व उनकी टीम आर. मंगल, आर. दिलीप, आर. संजीव, आर. मीरेन्द्र, आर.सोनेन्द्र, आर. शेरा आर. संजय आर. सर्वजीत, आर. रवि पटेल, आर. अजीत सिंह, थाना सिविल लाईन की टीम, थाना प्रभारी रामपुर अरुण कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही है।

### सिवनी में दो आदिवासियों की हत्या पर केंद्रीय मंत्री ने कहा

# बजरंग दल के लोग शामिल हैं, यह स्पष्ट नहीं, ऐसे मामलों में न हो राजनीति

**सिवनी।** जिले के कुरई थाना अंतर्गत सिमरिया गांव में गोकशी के आरोप में दो ग्रामीणों की हत्या के मामले में केंद्रीय मंत्री, मंडला-सिवनी सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने प्रेसवार्ता में कहा है कि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हत्या में बजरंग दल के लोग शामिल है। उन्होंने बरघाट के कांग्रेस विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया द्वारा 6 घंटे तक हाइवे जाम करने के मामले में कहा कि ऐसे मामले में राजनीति नहीं करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मामले की सक्षम अधिकारी से जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी होगा वह बच नहीं पाएगा। किसी भी संगठन या दल से जुड़े होने पर दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा।



### मृतक परिवार के एक सदस्य को मिलेगी नौकरी

जिला प्रशासन द्वारा बताया गया है कि कुरई थाना अंतर्गत सिमरिया गांव में दो आदिवासियों की मौत के मामले में मृतकों के परिजनों को 8 लाख 25 हजार की आर्थिक मदद की जाएगी वहीं परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी।

### 9 आरोपी गिरफ्तार, 3 अन्य संदिग्ध हिरासत में

हत्या के मामले में पुलिस ने अब तक 9 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कुरई थाना प्रभारी ने बुधवार सुबह बताया कि 3 अन्य संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। इसी तरह अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं, जल्द ही उन्हें पकड़ा जाएगा।

### पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का आरोप

# सरकार के कारण ओबीसी को नहीं मिल रहा है 27 प्रतिशत आरक्षण

**भोपाल।** मप्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर सियासत थम नहीं रही है। शिवराज सरकार ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू कर चुकी है। लेकिन इस वर्ग के उम्मीदवार बढ़े हुए आरक्षण को पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों में चल रही शिक्षक भर्ती की बात हो या फिर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा परीक्षा की। उधर, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक बार फिर अंतरिम आदेश देते हुए सरकार को कहा हैं क मप्र लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेज परीक्षा-2020 (एमपीपीएससी) अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 की जगह 14 फीसदी ही आरक्षण दें।
ओबीसी आरण को लेकर पूर्व सीएम कमलनाथ ने शिवराज सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बयान कर कहा कि हमारी सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया था। लेकिन शिवराज सरकार के नाकारापन, कमजोर पैरवी व ठीक ढंग से पक्ष नहीं रखने के कारण इस वर्ग को इस बढ़े हुए आरक्षण का लाभ नही मिल पा रहा है, उनका हक छिनता जा रहा है।

### 22 जून को अगली सुनवाई

हाईकोर्ट की जस्टिस शील नागू व जस्टिस एमएस भट्टी की खंडपीठ ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 की जगह 14 फीसदी ही आरक्षण दें। सरकार एमपीपीएससी की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा की प्रक्रिया के दौरान उक्त आदेश का पालन सुनिश्चित करे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पूर्व में समान प्रकरणों में दिए अंतरिम आदेश के तहत ही यह अंतरिम राहत दी गई है। मामले पर अगली सुनवाई 22 जून को होगी।

# बारात लेकर पहुंचे बाराती,दूल्हन मिली गायब,युवक से पांच लाख की ठगी

### लहार अनुविभाग के दबोह थाने का मामला

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**– लहार क्षेत्र के नानपुरा निबासी एक युवक से शादी के नाम पर एक बिचबानी युवक ने पांच लाख रुपये एवम एक जंजीर अंगूठी की ठगी कर ली है पीड़ित युवक जब मुहूर्त के अनुसार दबोह थाना क्षेत्र के रहकोला मंदिर पर बारात लेकर पहुँचा तो दुल्हन वहां से गायब थी जब बिचौलिए से सम्पर्क किया गया तो बिचौलिए का मोबाइल बन्द था तुरन्त इस



बात की सूचना दबोह थाना पुलिस को दी गयी पर जांच की बोलकर पुलिस ने मामला चलता कर दिया।जानकारी के अनुसार लहार क्षेत्र के नानपुरा निबासी सतीश पुत्र श्रीराम बिरथरिया की मुलाकात अपने मामने सजेरा उत्तरप्रदेश जाते समय शालिग्राम पुत्र रामप्रकाश दुबे निबासी बाबली उत्तर प्रदेश से हो गयी जिसने पीड़ित को शादी के नाम पर पांच लाख रुपये देने के लिए कहा युवक तैयार हो गया बिधि बिधान के अनुसार शिवनगर जिला टीकमगढ़ में गोदी भराई की रश्म पूरी की ओर एक जंजीर अंगूठी तोड़ियां एवम मिठाई एवम फल भेंट चढ़ाई ओर दो मई का शादी का मुहूर्त निकला दबोह थाना क्षेत्र के रहकोला मंदिर से शादी होना तय हुआ पीड़ित पक्ष जब बारात लेकर मन्दिर पहुँचा तो वहां कोई नही मिला बिचौलिए का फोन लगाया तो बन्द आया आनन फानन में बिचौलिए को घर पर देखने पहुँचे पर आरोपी फरार निकला जिसका शिकायती आबेदन दबोह थाने में दिया गया पर मामला जांच कर बहला दिया गया पीड़ित पक्ष ने जब आज नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के निबास पर पहुँचकर गुहार लगाई तब जाकर आज दबोह थाने में मामला कायम कर आरोपियों को तलाशना शुरू किया गया।

## अब आठ मई को होगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

**भोपाल।** राज्य सरकार अब आठ मई को राज्य स्तरीय लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाएगी। कार्यक्रम मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में होगा। जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पांच हजार से ज्यादा लाड़ली लक्ष्मी शामिल होंगी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इससे पहले यह कार्यक्रम दो मई को प्रस्तावित था, जो स्थगित कर दिया था। प्रदेश में पहली बार लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जा रहा है। सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम पंचायत भवन, आगनबाड़ी केंद्रों में टीवी एवं जिला मुख्यालय पर एनआइसी कक्ष, सभागार, शहरी क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों, सामुदायिक भवनों में बड़ी स्क्रीन लगाकर लाड़ली लक्ष्मी और उनके अभिभावकों को कार्यक्रम से जोड़ा जाए।

# ई–आबकारी पोर्टल पर चलेगा शराब कारोबार

**भोपाल।** घोटालों व साठ-गांठ के आरोपों से घिरा रहने वाला आबकारी विभाग भी ऑनलाइन होने जा रहा है। जल्द ही ई-आबकारी पोर्टल लांच होने वाला है। ठेकेदार को राशि बैंक अथवा ट्रेजरी में जमा कर विभाग को रसीद देनी होती थी। इन रसीदों के कारण ही इंदौर में 42 करोड़ का घोटाला हो चुका है। इससे बचने के लिए पुरानी व्यवस्था बंद कर ठेकेदारों को ई-आबकारी पर ई-वॉलेट की सुविधा दी जाएगी। जहां से वे सीधे राशि जमा कर सकेंगे। किसी को एक दिन की पार्टी के लिए लाइसेंस चाहिए तो वह ऑनलाइन आवेदन कर राशि जमा कर लाइसेंस ले सकेगा। इससे उसे विभाग के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।
आबकारी विभाग के अधिकारियों पर ठेकेदारों से साठ-गांठ के आरोप लगते रहे हैं। यह भी आरोप हैं कि वे अवैध शराब की बिक्री को अनदेखा करते हैं। व्यवस्था में सुधार के लिए ई-आबकारी पोर्टल कुछ दिनों में लांच होने वाला है। इस पोर्टल में जिलेवार हर ठेकेदार का अकाउंट व ई-वॉलेट रहेगा। ई-वॉलेट से सारे शुल्क ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। स्थानीय अफसरों के साथ भोपाल व ग्वालियर मुख्यालय के अफसर भी सीधे जानकारी लेते रहेंगे। सहायक आयुक्त राजनारायण सोनी ने बताया कि ई-आबकारी पोर्टल लांच होने वाला है। इससे विभाग की सारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध होंगी।

### फर्जी रसीदों के कारण डूबे 20 करोड़

2017 में हुए आबकारी घोटाले में विभाग के 7 वरिष्ठ अफसर अब तक जांच में फंसे हैं। करीब 20 करोड़ की राशि तो डूब भी चुकी है। ठेकेदार ने विभाग को फर्जी रसीदें दी और अधिकारियों द्वारा इसे चेक नहीं करने पर घोटाला हुआ था। ऑनलाइन सुविधा से ऐसे घोटालों की आशंका खत्म होने का दावा है।

### ये सुविधाएं मिलेंगी

ठेकेदार ई-वॉलेट से कर सकेंगे भुगतान। इसकी अफसर कर सकेंगे निगरानी। विभाग विशेष अवसरों पर शराब पिलाने के लिए एक दिन का लाइसेंस देता है। पोर्टल पर ही आवेदन कर राशि जमा की जा सकेगी।

# भिंड जिले की राजनीति स्वार्थ एवं जाति गत आधार पर निर्भर होने की वजह से विकास के नाम पर शून्यता: (NH -92/ मौत का रास्ता)

**लेखन /भीष्म भदौरिया /सच का आईना**

**भिंड** जिले की राजनीति बहुत ही अजीबोगरीब है। जब राजनीति मेला शुरू होता है, तो सभी पार्टियां अनेक मुद्दों पर एकदम हंड्रेड परसेंट पूरा करने का वादा करती है। लेकिन जैसे ही वे सभी चुनकर विधानसभा एवं लोकसभा में पहुंच जाते हैं, उसके पश्चात जनता के बीच किए हुए वादे, यहीं पर छोड़ कर अपने स्वार्थों की पूर्ति में लग जाते हैं। यही कारण है कि आज 70 साल बाद भी भिंड जिला अनेक सुविधाओं से वंचित है। इन सभी का दोष अगर भिंड जिले के नेताओं को दें, तो गलत होगा, कहीं ना कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हम सभी



भी इसके जिम्मेदार हैं। क्योंकि जब निर्वाचन होता है तब कहीं ना कहीं जातिगत या अन्य आधार पर प्रत्याशियों का चुनाव करते हैं, तो निश्चित रूप से इसका भुगतान सभी को करना पड़ेगा। इसलिए क्षेत्र में एक संगठन बनाएं बनाएं और सभी स्वार्थों को श्रद्धांजलि देते हुए क्षेत्र का निर्माण करने का प्रयास करें। तो शायद ग्वालियर एवं चंबल संभाग अपने विकास का वास्तविक आकार ले सकेगा।
यह क्षेत्र के लिए बहुत ही दुर्भाग्य है कि वर्तमान में ग्वालियर चंबल संभाग से केंद्र सरकार में दो मंत्री एवं राज्य सरकार में क्षेत्र के तीन मंत्री होने के उपरांत भी एनएच 92 लंबे समय से मौत का सागर बनता जा रहा है। समय-समय पर इसके सुधार लिए आवाज उठाई गई ।लेकिन किसी गणमान्य के कान पर जूं तक नहीं रेगी, न जाने कैसी परंपराएं हमारे क्षेत्र में उत्पन्न होती जा रही है, इन माननीयों को हम सभी ने मिलकर अपनी समस्याओं का निदान करने के लिए विधानसभा एवं लोकसभा पहुंचाया है लेकिन आज देखने को यह मिला है कि इस क्षेत्र की स्थिति बिगड़ती जा रही है । और ना ही एन एच 92 में कोई सुधार की संभावना दिखाई दे रही है ।÷अब तो परमात्मा तेरे हाथ में केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिराज सिंधिया जी, केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी एवं राज्य मे मंत्री एवं विधायक, सभी से चंबल एवं ग्वालियर संभाग की आम जनता का अनुरोध है कि विगत वर्षो मे एनएच 92 पर, जिस प्रकार से दुर्घटना हुई है, यह सभी हृदय को को तार-तार करने वाली है। अतः इस समस्या का निराकरण करने का प्रयास करें तभी वास्तविक रूप से क्षेत्र का सकारात्मक विकास माना जाएगा और भविष्य में ऐसी दुर्घटना पुनरावृत्ति नहीं होगी।

**सच का आईना/ भीष्म भदौरिया**

## पांच मई को भोपाल आने पर अड़े शिक्षक नहीं मिली अनुमति

**भोपाल।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के अध्यक्ष भरत पटेल बताते हैं कि पदयात्रा के दौरान खाने-सोने की व्यवस्था के चलते ज्यादा भीड़ नहीं रखी गई, पर भोपाल में ऐसी कोई समस्या नहीं है। इसलिए अब भीड़ बढ़ेगी। पांच मई को हम भोपाल में सभा करेंगे। सरकार ने अनुमति नहीं दी है। इसलिए पुलिस जहां रोकेगी, वहीं सभा की जाएगी। शिक्षक सिर्फ पुरानी पेंशन के लिए सड़क पर नहीं उतरे हैं। असल गुस्सा तो क्रमोन्न, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, अनुकंपा नियुक्ति, पदोन्नति और वरिष्ठता सूची नहीं बनाने को लेकर है और यह सभी काम स्कूल शिक्षा विभाग के हैं। हैरत की बात है कि क्रमोन्नति की नोटशीट पिछले तीन साल से स्कूल शिक्षा, सामान्य प्रशासन एवं वित्त विभाग के बीच घूम रही है ।

# विषाणु रोग रहित आलू बीज उत्पादन के लिए एरोपॉनिक विधि का म.प्र. के साथ अनुबंध, ग्वालियर में बनेगी लैब



### किसानों को प्रमाणित बीज समय पर उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्धः श्री तोमर

ग्वालियर/नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य एवं मध्य प्रदेश के उद्यानिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भरत सिंह कुशवाह के विशेष आतिथ्य में, विषाणु रोग रहित आलू बीज उत्पादन के लिए एरोपॉनिक विधि का म.प्र. सरकार के साथ आज दिल्ली में अनुबंध हुआ। इसके अंतर्गत ग्वालियर में म.प्र. की पहली लैब स्थापित होगी। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अंतर्गत केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला ने हवा में आलू के बीज उत्पादन की यह अनूठी तकनीक विकसित की है। अनुबंध के कार्यक्रम के अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि किसानों को फसलों के प्रमाणित बीज समय पर उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। इसी कड़ी में आईसीएआर के संस्थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में नई तकनीकों का विकास किया जाता है।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित विषाणु रोग रहित आलू बीज उत्पादन की एरोपॉनिक विधि के माध्यम से बीज आलू की उपलब्धता देश के कई भागों में किसानों के लिए सुलभ की गई है और आज म.प्र. के बागवानी विभाग को इस तकनीक का लाइसेंस देने के लिए अनुबंध किया गया है। श्री तोमर ने कहा कि यह नई तकनीक आलू के बीज की आवश्यकता को महत्वपूर्ण रूप से पूरा करेगी और अंततः राज्य के साथ ही देश में भी आलू के उत्पादन में वृद्धि करेगी। श्री तोमर ने कहा कि आलू विश्व की सबसे महत्वपूर्ण गैर-अनाज फसल है, जिसकी वैश्विक खाद्य प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री तोमर ने श्रेष्ठ अनुसंधान के लिए कृषि वैज्ञानिकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अनेक योजनाओं पर मिशन मोड में काम कर रही है।

म.प्र. के मंत्री श्री कुशवाह ने उम्मीद जताई कि यह तकनीक आलू बीज की जरूरत काफी हद तक पूरा करेगी व राज्य में उत्पादन में वृद्धि करेगी। श्री कुशवाह ने कहा कि म.प्र., आलू का छठा सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। मालवा क्षेत्र उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। म.प्र. आलू प्रसंस्करण के लिए आदर्श गंतव्य के रूप में उभरा है। म.प्र. में प्रमुख आलू उत्पादक क्षेत्र इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, भोपाल तथा प्रदेश के अन्य छोटे क्षेत्र छिंदवाड़ा, सीधी, सतना, रीवा, सरगुजा, राजगढ़, सागर, दमोह, छिंदवाड़ा, जबलपुर, पन्ना, मुरैना, छतरपुर, विदिशा, रतलाम एवं बैतूल हैं। प्रदेश में उच्च गुणवता वाले बी? की कमी हमेशा से एक समस्या रही है, जिसका समाधान किया जा रहा है। आज हुए इस अनुबंध से भी मध्य प्रदेश के आलू उत्पादन किसानों को काफी सहूलियत होगी। इस संबंध में श्री कुशवाह ने कृषि मंत्री श्री तोमर को धन्यवाद दिया।

म.प्र. के बागवानी आयुक्त श्री ई. रमेश कुमार ने कहा कि म.प्र. को लगभग चार लाख टन बी? की आवश्यकता है, जिसे 10 लाख मिनी ट्यूबर उत्पादन क्षमता वाली इस तकनीक से पूरा किया जाएगा। ग्वालियर में एक जिला-एक उत्पाद के अंतर्गत आलू फसल का चनय किया गया है। प्रसंस्करण में गुणवत्ता वाले आलू बी? की उपलब्धता भी राज्य के आलू प्रसंस्करण उद्योग को ब?ावा देगी। डेयर के सचिव व आईसीएआर के डीजी डा. त्रिलोचन महापात्र ने भी संबोधित किया। डीडीजी-बागवानी डा. आनंद कुमार सिंह, म.प्र. के अपर संचालक-बागवानी डा. के.एस. किराड़, केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के प्रभारी निदेशक डा. एन.के. पांडे, एग्रीनोवेट इंडिया की सीईओ डा. सुधा मैसूर ने भी विचार रखें। सुश्री पूजा ने संचालन किया।

एरोपॉनिक के जरिये पोषक तत्वों का छिड़काव मिस्टिंग के रूप में जड़ों में किया जाता है। पौधे का ऊपरी भाग खुली हवा व प्रकाश में रहता है। एक पौधे से औसत 35-60 मिनिकन्द (3-10 ग्राम) प्राप्त किए जाते हैं। चूंकि, मिट्टी उपयोग नहीं होती तो मिट्टी से जु? रोग नहीं होते। पारंपरिक प्रणाली की तुलना में एरोपॉनिक प्रजनक बीज के विकास में दो साल की बचत करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### शहर में स्वच्छता अमला अलर्ट, निरंतर चला रहा है स्वच्छता कार्य



ग्वालियर दिनांक 04 मई 2022- नगर निगम ग्वालियर के स्वच्छता अमले द्वारा निरंतर शहर में साफ सफाई का कार्य करते हुए स्वच्छता का माहौल बनाया जा रहा है। इसके साथ ही नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर निरंतर सभी सार्वजनिक स्थानों व गली मोहल्लों आदि में स्वच्छता के लिए अभियान चलाकर कार्य किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में निगम के अधिकारियों द्वारा निरंतर स्वच्छता मिशन को आगे बढाया जा रहा है।स्वास्थ्य अधिकारी ग्वालियर विधानसभा श्री श्रीकृष्ण शर्मा द्वारा सागरताल फेंसिंग के ऊपर नागरिकों द्वारा पॉलिथीन एवं कचरा, पुष्पहार, फूलमाला लगाए जाने पर सभी की सफाई कराई तथा क्षेत्र के डब्ल्यूएचओ श्री मनोज खरे वार्ड क्रमांक 5 को निरंतर इसकी मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। वहीं जोन क्रमांक दो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 में कोटेश्वर कॉलोनी में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा नालियों की सफाई कराई गई एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की जानकारी लेकर गीले व सूखे कचरे की अलग-अलग जानकारी ली गई एवं सहायक डब्ल्यूएचओ रवि पारछे एवं एसआई भगवानदास क्षेत्रे को निरंतर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। वहीं वार्ड 18 में निगमायुक्त श्री कन्याल के निर्देशानुसार दीनदयाल नगर में डिवाइडर की धुलाई का कार्य कराया गया। इसके साथ ही निगमायुक्त श्री कन्याल के निर्देशानुसार दीनदयाल नगर खेल मैदान एवं स्विमिंग पूल आसपास की सफाई का निरीक्षण स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव एवं विद्युत प्रभारी श्री देवी सिंह राठौ? द्वारा किया गया। वहीं बैजाताल पर विशेष अभियान चलाकर साफ सफाई कराई गई। वहीं दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई अभियान चलाकर सफाई कराई गई तथा नागरिकों से सूखा व गीला कचरा अलग अलग देने की अपील की गई।

### जनकगंज, मुरार व हजीरा डिस्पेंसरी में स्वच्छता मित्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा निगम के सभी स्वच्छता मित्रों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शहर के विभिन्न शासकीय अस्पतालों में विशेष व्यवस्था की गई है, जिसके तहत प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को स्वच्छता कर्मी अस्पताल में जाकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा सकते हैं, जिससे उन्हें लाइन में नहीं लगना पडे। इसी के तहत आज बुधवार को जनकगंज, मुरार व हजीरा डिस्पेंसरी में बडी संख्या में स्वच्छता मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं प्रदान की गई। आज लगभग 135 स्वच्छता कर्मियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में सभी स्वच्छता मित्रों को बिना किसी लाइन के स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित हो इसके लिए तीनों विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत शासकीय अस्पतालों में विशेष व्यवस्था की गई है जिससे स्वच्छता मित्र सीधे जाकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा सकते हैं और दवाएं प्राप्त कर सकते हैं। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज शुक्रवार को जनकगंज, मुरार व हजीरा डिस्पेंसरी में बडी संख्या में स्वच्छता मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं प्रदान की गई। जिसमें सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा के निर्देशानुसार विभिन्न अस्पतालों में डाक्टर्स की विशेष टीमों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनकगंज डिस्पेंसरी में डॉक्टर सुनील सिंघल द्वारा जोन 24 एवं 25 के सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अल्प प्रवास पर ग्वालियर पधारे



ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को अल्प प्रवास (ट्रांजिट विजिट) पर ग्वालियर पधारे। इस दिन अपरान्ह में वायुमार्ग से राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पर उनका आगमन हुआ। विमानतल से मुख्यमंत्री श्री चौहान हेलीकॉप्टर द्वारा दतिया के लिए रवाना हुए। उनके साथ भोपाल से प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी श्री लोकेन्द्र पाराशर भी आए थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दतिया पहुँचकर प्रदेश की खुशहाली के लिए माँ पीतांबरा माई की पूजा अर्चना की। साथ ही माँ पीतांबरा माई के प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में निकली रथयात्रा और ÷दतिया गौरव दिवस÷ कार्यक्रम में शामिल हुए । मुख्यमंत्री श्री चौहान सायंकाल लगभग 7 बजे वापस ग्वालियर विमानतल पहुँचे और थो?ी देर बाद विमान द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान किया। विमानतल पर मुख्यमंत्री श्री चौहान के स्वागत और विदाई देने के लिए राज्य वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री रघुराज कंषाना , भाजपा शहर जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, पूर्व विधायक श्री मदन कुशवाह तथा सर्वश्री हरीश मेवाफरोश, ब्रजेन्द्र सिंह जादौन लालजी, राजू सेंगर, श्रीमती नीलिमा शिंदे व श्रीमती रंजना मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण पहुँचे थे। इस अवसर पर पुलिस महा निरीक्षक श्री अनिल शर्मा, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, एडीएम श्री इच्छित ग?पाले व अपर आयुक्त नगर निगम श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी विमानतल पर मौजूद थे।

### अपर आयुक्त श्री गुर्जर ने किया किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, दिए निर्देश

ग्वालियर। शहर में साफ सफाई का निरीक्षण करते हुए अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निरंतर साफ सफाई बनाए रखने और दुकानदारों से अपनी दुकानों के सामने व आसपास साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर ने बुधवार को अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा और वर्कशॉप प्रभारी श्री शैलेन्द्र सक्सेना के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए ग्वालियर विधानसभा में बहो?ापुर कचरा स्टेशन का औचक निरीक्षण किया और टिपर वाहनों को स्टेशन पर चेक किया। वहां जो गाड़िया कम कचरा ला रही थीं उनके वाहन चालकों और हेल्परों को फटकार भी लगाई गई। इसके साथ ही बहो?ापुर तिराहे पर स्थित नगर निगम के सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान हजीरा चौराहे पर पुरानी सब्जी मंडी के बाहर लगी मीट की दुकानों का निरीक्षण करते हुए अपर आयुक्त श्री गुर्जर ने निर्देश दिए कि मीट की दुकानों को यहां से शिफ्ट किया जाएगा।

# कांग्रेस ने महंगाई को लेकर हर वार्ड में की पदयात्रा एवं दिया धरना



### गरीब है भूखा पेट, यूवांओ को नौकरी का वेट सड़क निर्माण हो रहा है लेट, भाजपा हो गई धन्ना सेठः डॉ. देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में आज ग्वालियर महानगर की तीनो विधानसभांओ के प्रत्येक वार्ड में मंहगाई ब?ाने वाली एवं यूवांओ को बेरोजगार बनाने वाली, नौकरी देने के नाम पर मौन रखने वाली, ग्वालियर को खंड्डर सिटी बनाने वाली भाजपा के खिलाफ महानगर में पदयात्रा, पुतला दहन एवं धरना दिया गया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, विधायक प्रवीण पाठक, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नवीन भदकारिया, ब्लॉक मुरार के अध्यक्ष विनोद कुमार जेन एवं हेमू कालानी ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश चावला ने पदयात्रा, पुतला दहन एवं धरने के पश्चात कहा कि मंहगाई की चरम सीमा से गरीब पेट है खाली, यूवा नौकरी का कर रहे है वेट, स?को का निर्माण हो रहा है लेट और भाजपा हो गई धन्ना सेठ। 2014 के बाद ब?ती मंहगाई ने रसाई, गैस, पेट्रोल डीजल ने हर इंसान को आर्थिक रूप से बर्बाद कर दिया है, लेकिन भाजपा ने दिल्ली में करो?ी रू का मुख्यालय बन रहा है, भोपाल में भाजपा का प्रदेश मुख्यालय बन रहा है। मंहगाई से व्यापार दुकानदारी चैपट हो रही है, हर वर्ग धन कमाने के लिए परेशान है इन 8 वर्षो में कोई धनवान बना है तो भाजपा धन्ना सेठ बन गई है, आज ग्वालियर की स?को का निर्माण कार्य ठप्प प?ा हुआ है, समिक्षा बैठको में 15 अप्रेल से 30 अप्रेल तक स?को का निर्माण कार्य चालू करने का निर्णय भी असफल सिद्ध हुआ है।

कार्यक्रमो में भैया लाल भटनागर, बृजेश शुक्ला, श्रीमती वीणा भारद्वाज, केशव यादव, चंन्द्रप्रकाश गुप्ता, केदार बरहादिया, कपिल पाल , मोनू भटनागर शब्बर खान श्याम सुंदर श्रीवास्तव मोनू सोलंकी असलम शेर खान अनिल हितेश गुप्ता यीशु शर्मा चेतन भार्गव बालकिशन माने मुकेश गुप्ता रामेश्वर दयाल केके चोपड़ा चंचल बॉन्ड ज्ञानेश धीरज बाथम अर्जुन भटनागरदिनेश एशवर, अमन लक्षकार, सोनू शर्मा, जीवनलाल, केशव सिंह सहित कांग्रेसजन सम्मलित थे।

### आज 05 मई को कांग्रेस मंहगाई, बेरोजगारी बढ़ाने वाली,

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि 15 ग्वालियर विधानसभा के ब्लॉक 4 के वार्ड 32 में सायंकाल 5 बजे पुतला दहन, 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के ब्लॉक थाठीपुर वार्ड 28 में सायंकाल 5 बजे थाठीपुर चैराहा से पदयात्रा, 17 दक्षिण विधानसभा के ब्लॉक गोल पहा?िया में वार्ड 54 में सायकाल 5 बजे विधायक प्रवीण पाठक के निवास से सायकाल यात्रा।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478